
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



थ्रिलर में नजर भूषण की स्पाई आएंगे अजय...

मायसा में निभा रहीं गोंड महिला का किरदार

वर्ष : 12 अंक : 325 लखनऊ, 24 नवम्बर ,मंगलवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

बेटा, पढ़ लिखकर प्रिंस बनो, क्रिकेट में एडमिशन भी करवा देंगे : योगी

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में गोंडा से आये कक्षा-8 के बच्चे को दिया मार्गदर्शन

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

लखनऊ। कर्तव्य पथ पर अग्रसर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनता दर्शन में अलग भूमिका में दिखे। उनके पास कक्षा-8 का छात्र प्रिंस क्रिकेट खेलने के लिए आर्थिक सहायता और कोचिंग उपलब्ध कराने की फरियाद लेकर पहुंचा। मुख्यमंत्री ने उसकी पूरी बात सुनी, फिर 4-5 मिनट तक पास खड़े होकर काउंसलिंग की। मुख्यमंत्री ने कहा- बेटा तुम्हारा नाम प्रिंस है, इसलिए पढ़ लिखकर प्रिंस बनो। हम क्रिकेट में भी तुम्हारा एडमिशन करवा देंगे।

मुख्यमंत्री जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए हर व्यक्ति तक पहुंचे, एक-एक कर उनके प्रार्थना पत्र लिए, फिर समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने पास में खड़े अधिकारियों को



आवश्यक दिशानिर्देश दिए और प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

गोंडा के इटियाथोक के पड़री पारासराय गांव निवासी प्रिंस साहू कक्षा-8 में पढ़ता है। वह सोमवार को जनता दर्शन में पहुंच गया। लोगों की फरियाद सुनते-सुनते मुख्यमंत्री प्रिंस के पास पहुंचे। बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री ने आने का कारण पूछा, जिस पर प्रिंस ने बताया कि उसके अंदर बचपन से ही क्रिकेट खेलने का जुनून है। वह क्रिकेट में नाम कमाना चाहता है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण फीस भरने और किट खरीदने में असमर्थ है।

इस पर मुख्यमंत्री ने उसकी काउंसलिंग की, कहा कि बेटा अभी कक्षा-8 में हो। खेलने के साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई भी करो और अच्छे नंबरों से यह सत्र उत्तीर्ण करो, फिर हम आपका एडमिशन क्रिकेट की कोचिंग में करा देंगे। मुख्यमंत्री ने समस्या लेकर पहुंचे लोगों से कहा कि चिंता मत करिए। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराएगी।

मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जो भी जरूरतमंद हैं, एस्टीमेट मिलते ही सरकार उनके लिए तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। उन्होंने पुलिस, राजस्व, शिक्षा, बिजली आदि से जुड़ी समस्याओं का प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को प्रेषित कर समाधान के लिए निर्देशित किया।

सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना जारी : डॉ. प्रशांत कुमार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी) तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापक, शहरी पद की लिखित परीक्षा आगामी 03 दिसम्बर को प्रदेश के 48 जिलों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक संपन्न कराई जाएगी।

आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना से संबंधित विवरण सोमवार से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट ttps://upessc.up.gov.in के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं।

वेबसाइट पर जारी किया गया यह विवरण केवल परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना है, इसे परीक्षा का प्रवेश पत्र न समझा जाए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के प्रवेश पत्र 30 नवम्बर से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड किए जा सकेंगे। अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन लेख को कानून बताने पर हाईकोर्ट की वकील को फटकार

- कहा– अधिवक्ता का लेख अदालतों के लिए बाध्यकारी नहीं

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अधिवक्ता द्वारा अपने मुवक्किल के पक्ष में दलील देने के लिए गूगल से डाउनलोड किए गए ऑनलाइन लेख का सहारा लेने पर कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कहा कि किसी अधिवक्ता द्वारा लिखा गया लेख कानून नहीं होता और न ही वह किसी न्यायालय, विशेषकर हाईकोर्ट के लिए बाध्यकारी है। अदालत ने अपने ही मामले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देने पर भी अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए इसे सेल्फ गोल करार दिया।

पीठ ने अदालतों में अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही पैरवी की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए बार के सदस्यों से पूरी तैयारी के साथ अदालत आने और प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों एवं न्यायिक निर्णयों का हवाला देने का अनुरोध किया। अदालत ने कहा कि अधिवक्ताओं की ओर से मिलने वाली कमजोर कानूनी सहायता न्याय देने की प्रक्रिया को तेज करने में बाधा उत्पन्न करती है। मामला बीएनएसएस के तहत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने संबंधी अर्जी मजिस्ट्रेट द्वारा खारिज किए जाने के खिलाफ दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका का था। याची का आरोप था कि उसने 35 लाख रुपये में अपनी अचल संपत्ति बेची थी, लेकिन खरीदार ने पूरी रकम का भुगतान नहीं किया। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने गूगल से डाउनलोड किए गए एक ऑनलाइन लेख का हवाला देते हुए कहा कि बकाया रकम की वसूली के लिए आपराधिक कार्यवाही की जा सकती है। अदालत ने पाया कि लेख केवल बिंदुवार टिप्पणियों के रूप में था और उसमें किसी वैधानिक प्रावधान अथवा सुप्रीम कोर्ट के किसी निर्णय का उल्लेख नहीं था।

पीठ ने कहा कि संबंधित वेबसाइट की जानकारी तक न होना और बिना कानूनी आधार के लेख पर भरोसा करना अधिवक्ता के गैर-पेशेवर रवैये को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत समझकर अदालत ने नाराजगी जताई। अदालत ने 12 दिसंबर 2019 की बिक्री विलेख और 13 मार्च 2023 के संशोधन का परीक्षण किया। इनमें 29.15 लाख रुपये आरटीजीएस, पांच लाख रुपये चेक तथा शेष 85 हजार रुपये भी चेक से देने का उल्लेख था। पीठ ने कहा कि यदि 85 हजार रुपये का चेक बाउंस हुआ था तो याची को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत शिकायत दर्ज कराने का अधिकार था। मजिस्ट्रेट के आदेश में कोई अवैधता न पाते हुए अदालत ने पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी।

अब बाजार तक और भी व्यापक पहुंच की जरूरत

गरीबी उन्मूलन के लिए वित्त, डिजिटल अर्थव्यवस्था तक व्यापक पहुंच जरूरी: सीतारमण

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि गरीबी खत्म करने और इससे बाहर निकले लोगों को वापस गरीबी में जाने से रोकने के लिए वित्त, बाजार और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक व्यापक पहुंच जरूरी है।

वित्त मंत्री ने विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें 2011 और 2023 के बीच लगभग 50 करोड़ भारतीयों के गरीबी से बाहर निकलने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अभावों को दूर करने के लिए लक्षित कदमों, स्पष्ट नतीजों और जरूरत के हिसाब से तैयार योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। सीतारमण ने लिंक्डइन पर पोस्ट किया, गरीबी केवल आय या मजदूरी की कमी नहीं है। एक सुरक्षित छत, साफ पानी, स्वच्छता या स्वास्थ्य सेवाओं के बिना कोई भी परिवार आय बढ़ने के बाद भी



असुरक्षित बना रहता है। एक बीमारी सारी बचत खत्म कर सकती है और परिवार को वापस गरीबी में धकेल सकती है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना और स्वच्छ भारत जैसी कल्याणकारी योजनाएं मिलकर इन जोखिमों के खिलाफ कवच का काम कर रही हैं, जो कभी परिवारों को वापस गरीबी में धकेल देते थे। साथ ही इनसे घरेलू खर्च में कमी आ रही है और समय भी बच रहा है। सीतारमण ने कहा कि अगला चरण इस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए उन कुछ लोगों को भी गरीबी से बाहर निकालने का है जो अब भी सबसे निचले पायदान पर हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग पहले ही ऊपर उठ चुके हैं, वे आगे बढ़ते रहें और कभी पीछे न फिसलें। विभिन्न उपायों के जरिये दी गई सुरक्षा के साथ अब वित्त, बाजार और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक और भी व्यापक पहुंच की जरूरत है। विकसित भारत के सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप के जरिये शिक्षा जगत और उद्योग के बीच बेहतर तालमेल बना रही है, जबकि बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश देश को जोड़ रहा है। अवसर केवल कुछ लोगों तक सीमित नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिवारों को वापस गरीबी में जाने से रोकती है, लेकिन और आगे बढ़ने के लिए उन्हें कमाई के अवसरों की जरूरत होती है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने मुद्रा (60 करोड़ ऋण खाते मंजूर किए गए हैं, जिनमें से लगभग दो-तिहाई महिलाओं के हैं) जैसी योजनाओं के जरिये वित्तीय अवसर पैदा किये हैं, जबकि पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं रेहड़ी-पटरी वालों और पारंपरिक कारीगरों को सहारा दे रही हैं। सीतारमण ने लिखा कि भारत में अस्थायी राहत से आगे बढ़कर गरीबी को बनाए रखने वाली बाधाओं को दूर करने की दिशा में एक बुनियादी बदलाव देखा गया है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के कल्याण यानी अंत्योदय के सिद्धांत से प्रेरित होकर सरकार ने हर घर के अभावों को दूर करने का कठिन रास्ता चुना और यह सुनिश्चित किया कि विकास उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

लीबिया तट के पास रूसी युद्धपोत को डुबोने वाले हमले में यूक्रेन का हाथ होने की जेलेंस्की ने पुष्टि की

अमन लेखनी समाचार

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रविवार को लीबिया के तट के पास रूसी युद्धपोत पर हुए हमले के पीछे उनका देश था और यूक्रेनी नौसैनिक ड्रोन ने इस जहाज को डुबो दिया। जेलेंस्की ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अभियान में यूक्रेनी सेना ने देश में निर्मित सात नौसैनिक ड्रोन तैनात किए थे। इस हमले में रूस का एक कार्वेट युद्धपोत डूब गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इस युद्धपोत को रूस के सबसे नये जहाजों में से एक बताया, जिसे रूस के यूक्रेन पर आक्रमण दौरान 2023 में नौसेना में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा कि हम निर्धारित समुद्री क्षेत्रों में अपने अभियान जारी रखे हुए हैं। हम रूस की आक्रामकता का जवाब दे रहे हैं। हम यूक्रेनी हथियारों का विकास कर रहे हैं। यूक्रेनी सेना ने के सूखा माल ढोने वाले मालवाहक रूसी जहाज एमवी अंगारा को भी निशाना बनाया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस इस जहाज का इस्तेमाल हथियारों के



परिवहन के लिए करता था। उन्होंने बताया कि हमले में एक केए-27 सैन्य हेलीकॉप्टर भी नष्ट हो गया। जेलेंस्की ने यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) और अन्य यूक्रेनी रक्षा बलों का आभार जताया, जिन्होंने उनके अनुसार, रूस के युद्ध के जवाब में की गई यूक्रेन की एक शानदार सैन्य कार्रवाई में हिस्सा लिया। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें रविवार और सोमवार को अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और हमने जो लक्ष्य तय किए थे, वे हासिल कर लिए गये।

लीबिया के दो अधिकारियों के अनुसार, समुद्री ड्रोन से किये गये हमले में पूर्वी लीबिया के बेंगाजी नौसैनिक अड्डे पर रूसी नौसेना के कॉर्बेट बुद्धपोत को गंभीर नुकसान पहुंचा। पूर्वी लीबिया के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तड़के बेंगाजी के निवासियों ने जोरदार विस्फोटों की आवाजें सुनीं और नौसैनिक अड्डे पर आग की लपटें देखीं। नागरिक सुरक्षा दल मौके पर पहुंचे और आग बुझा दी। बयान के अनुसार रूस और लीबिया की पूर्वी क्षेत्र में स्थित सरकार के बीच हुएसहयोग समझौते के तहत यह जहाज ईंधन भरने और रसद सामग्री लेने के लिए वहां आया था।

टेक्सास में हिरासत में

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास में भारतीय मूल के 29 वर्षीय रघुल आनंदकृष्णन को आव्रजन



अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। वह महिला की निजी तस्वीरें बिना अनुमति अपने फोन में ट्रांसफर करने के प्रयास के मामले में दोषी ठहराया गया था। आनंदकृष्णन टेक्सास के टोटल वायरलेस स्टोर में काम करता था। आरोप है कि उसने ग्राहक के फोन से एयरड्रॉप के जरिए दो निजी तस्वीरें अपने मोबाइल में भेजीं और उसका स्नैपचैट खाता भी खोला। जून में गिरफ्तार होने के बाद उसे सजा हुई थी।

9 अरब डॉलर का डेटा सेंटर बनाया

हुआंग की चीनी गर्लफ्रेंड के दोस्त ने चिप तस्करी की

अमन लेखनी समाचार/वाशिंगटन

एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेनसन हुआंग की गर्लफ्रेंड एलिस हुआंग का कारोबारी दोस्त ली मिंग चीन को प्रतिबंधित एआई चिप्स पहुंचा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, वह एनवीडिया के चिप्स लगे कंप्यूटर सर्वर पहले मलेशिया भेजता था। इसके बाद इन्हें चीन पहुंचावा जाता था। इस काम में ली मिंग अकेला नहीं था। वह एलिस हुआंग और उनके पति क्वांग येंई के साथ मिलकर कई देशों में कंपनियां



चला रहा था। इन कंपनियों के जरिए चीन की कंपनियों को एडवांस एआई चिप्स मुहैया कराने का रास्ता बनाया गया था। वहीं, क्वांग येंई चीन में बड़े डेटा सेंटर बना रहे थे। 2021 से 2024 के बीच उनके नेटवर्क से जुड़े डेटा सेंटर प्रोजेक्ट में 9 अरब डॉलर (करीब 83 हजार करोड़ रुपए) लगाने की योजना थी। बनी एलिस चिप्स तस्करी में शामिल होने के नेटवर्क से जुड़ी थी, उनके पति चीन में डेटा सेंटर बना रहे थे और ली मिंग दोनों के बीच कड़ी का काम कर रहा था।

होर्मुज खोलने को तैयार ईरान

समझौते की रखी शर्त, कहा प्रतिबंध हटाएं तब बनेगी बात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ईरान अमेरिका के साथ 'न युद्ध, न शांति' की मौजूद स्थिति खत्म करने और बातचीत के जरिए समझौता करने को तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान सम्मानजनक समझौता चाहता है और होर्मुजजलडमरूमध्य खोलने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। इसके लिए दो दिन की योजना पेश की गई है। पहले दिन अमेरिका प्रतिबंध हटाकर अपनी प्रतिबद्धताएं



पूरी करे और दूसरे दिन ईरान होर्मुज खोलकर बातचीत शुरू करे। ईरान का कहना है कि वह ऐसा समझौता नहीं करेगा, जिससे उसकी राष्ट्रीय गरिमा और युद्ध के मैदान में हासिल बढ़त कमजोर हो। अराघची के मुताबिक, स्थायी शांति के लिए अमेरिका को भरोसा बहाली के कदम उठाने होंगे। क्षेत्र में शांति तभी संभव है, जब सभी देशों को समान रूप से विकास का अवसर मिले और किसी को प्रतिबंधों व आर्थिक दबाव में न रखा जाए।

भारत में 22 अनुसूचित भाषाओं को संवैधानिक मान्यता

पीएम मोदी से जुड़ा किस्सा सुनाया

यह तो अद्भुत है, भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के मुरीद हुए पुतिन

अमन लेखनी समाचार/वाशिंगटन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समय-समय पर भारत की संस्कृति और विविधता की तारीफ करते रहे हैं। बीते दिनों भी पुतिन ने एक इंटरव्यू में भारत भाषाई और सांस्कृतिक विविधता की जमकर तारीफ की।



रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अपनी एक बातचीत का जिक्र करते हुए भारत की भाषाई विविधता की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि भारत में आधी से ज्यादा आबादी अपनी-अपनी भाषाएं बोलती है। स्पुतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि उदाहरण के लिए भारतीय सभ्यता को ही लीजिए,... यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। यह बेहद दिलचस्प है। मैं इसके बारे में जितना ज्यादा जानता हूं, उतना ही इससे आकर्षित होता जाता हूं। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी से जुड़ा से एक किस्सा भी सुनाया।

60 करोड़ की एक ही भाषा

पुतिन ने बताया कि उन्होंने हाल ही में पीएम मोदी से बातचीत के दौरान पूछा था कि भारत में कितने लोग आधिकारिक जगह बोलते हैं। पुतिन के अनुसार, पीएम मोदी ने जवाब दिया था कि लगभग 60 करोड़ लोग। इस पर पुतिन ने देश की कुल आबादी के बारे में पूछा, तो पीएम मोदी ने बताया कि यह डेढ़ अरब के करीब है। गौरतलब है कि पुतिन के इस इंटरव्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कंपनी ने बताय मनोरंजन जगत की सबसे बड़ी लॉन्चिंग

वीडियो गेम की दुनिया में क्रांति

जीटीए-6 ने पहले दिन कमाए 35 हजार करोड़, फिल्मों के रिकॉर्ड भी पीछे छूटे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वीडियो गेम की दुनिया में ग्रैंड थेफ्ट ऑटो (जीटीए) की लोकप्रियता ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। रॉकस्टार गेम्स के नए गेम जीटीए-6 ने प्री-ऑर्डर और लॉन्च के पहले दिन की बिक्री से 3.79 अरब डॉलर यानी करीब 35,126 करोड़ रुपए की कमाई की है।

यह आंकड़ा मनोरंजन जगत की कई बड़ी फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से भी अधिक है। गेम की पैरेंट कंपनी टेक-टू इंटरएक्टिव के मुताबिक, जीटीए-6 ने मनोरंजन



जगत में अब तक की सबसे बड़ी लॉन्चिंग दर्ज की है। हालांकि, कंपनी ने पहले दिन बिकने वाली गेम की कुल प्रतियों की संख्या सार्वजनिक नहीं की है। जीटीए-6 की कथित कमाई ने कई चर्चित हॉलीवुड फिल्मों के कारोबार को पीछे छोड़ दिया है।

2.52 अरब डॉलर का कारोबार

रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्सास स्थानीय मीडिया ने बताया कि टेक-टू इंटरएक्टिव ने दुनियाभर में 2.52 अरब डॉलर का कारोबार किया जबकि किंग्सटन फॉर लीजन की फिल्म 6 ऑडिशंस की कमाई 1.8 अरब डॉलर से अधिक रही। जीटीए-6 की लॉन्चिंग से हुई कमाई पर्ल हार्बर, एवेंजर्स एंडगेम और अवतार 2 के वैश्विक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से भी ज्यादा बताई गई है। अवतार की फिल्मों से ज्यादा कमाई रही है।

शिक्षा बजट में कटौती, सैन्य खर्च बढ़ाने और जलवायु संकट पर सरकारों को घेरा

हल्लाबोल: दो दर्जन से अधिक देशों में सड़कों पर उतरे लाखों छात्र और श्रमिक

अमन लेखनी समाचार/ पेरिस

महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा बजट में कटौती और बढ़ते सैन्य खर्च के खिलाफ शुक्रवार को यूरोप के 25 से अधिक देशों में हजारों युवा और श्रमिक सड़कों पर उतर आए। जेन-जी (युवा पीढ़ी) के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, इटली और जर्मनी समेत कई देशों के छात्र, श्रमिक और अन्य वर्ग शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने सरकारों की नीतियों पर सवाल उठाते हुए मांग की कि युद्ध और सैन्य तैयारियों पर खर्च होने वाली रकम शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याणकारी सेवाओं पर लगाई जाए। इटली में सबसे बड़े ट्रेड यूनियन सीजीआईएल के अनुसार, देशभर में 100 से अधिक सार्वजनिक स्थलों पर



प्रदर्शन हुए। रोम, मिलान, जेनेवा और बोलोन्वा समेत कई शहरों में लोगों ने सैन्य खर्च बढ़ाने की योजनाओं का विरोध किया। यूनियन प्रमुख माउरिजियो लांदिनी ने देशभर के प्रदर्शनों में 10 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का दावा किया। परिवहन क्षेत्र के श्रमिकों ने शुक्रवार और शनिवार को हड़ताल भी की। ब्रिटेन में छात्रों ने संसद भवन के पास पार्लियामेंट स्क्वायर तक मार्च किया। छात्र संगठनों के मुताबिक, 350 से अधिक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद थी। जर्मनी के हैम्बर्ग में करीब चार हजार प्रदर्शनकारियों ने मार्च किया। वहां जेन-जी अब जिम्मेदारी संभालता है नारे के साथ युवाओं ने अपनी मांगें रखीं।

आवास, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों ने युवाओं की आर्थिक मुश्किलें बढ़ाई हैं। उच्च शिक्षा की फीस, संस्थानों में बजट की कमी और रोजगार के सीमित अवसर भी नाराजगी की वजह हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि स्कूल-कॉलेजों का बजट घटाया जा रहा है, जबकि युद्ध के लिए अरबों रुपये जुटाए जा रहे हैं।

युद्ध, जलवायु संकट और एआई भी मुद्दा

छात्र संगठनरिपोर्ट के मुताबिक, लाख, सूडान और इंडोनेशिया में छात्रों के बीच सैन्य खर्च बढ़ाने और युद्ध तैयारियों का विरोध किया। खास युद्ध में इजरायल के समर्थन को लेकर भी कुछ यूरोपीय सरकारों को घेरा। युवाओं ने जलवायु परिवर्तन पर ठोस कदम उठाने, पर्यावरण संरक्षण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विनियमन की मांग की। उनका कहना है कि अरबपतियों, एआई रोजगार और अमीरों के अधिकारों के लिए खतरा बन सकता है।

महिला को झांसा देकर जेवरात उतरवाकर चपंत होने वाले टप्पेबाजो पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ।मोनलालगंज कस्बे में तीन दिन पहले बेटे को लेने पैदल स्कूल जा रही महिला को बातो में उलझाकर जेवरात उतरवाकर चपंत होने वाले दो अज्ञात टप्पेबाजो पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है ।ज्ञात हो सीतापुर जनपद के संदाना थाना क्षेत्र के चौपरिया गांव निवासी रामचन्द्र अपनी पत्नी राधा व बेटे आर्यन के साथ मोहनलालगंज कस्बे के मुरलीनगर मोहल्ले में किराये पर रहते है ओर प्राइवेट नौकरी करते है ।बीते शुक्रवार की दोपहर 12बजे के करीब उनकी पत्नी राधा एलकेजी में पढने वाले बेटे आर्यन को लेने के लिये पैदल ही नवीन पब्लिक स्कूल जा रही थी जैसे वो हाइवे क्रास कर लखन ऊ से रायबरेली जाने वाली पटरी पर पहुंची ही थी कि तभी पता पुछने के बहाने से बाइक से आये दो अज्ञात युवको ने उसे रोक लिया और बातो में उलझा कर कान में पहने सोने के झाले व गले में पहना मगंलसूत्र उतरवाकर लेन के बाद मौके से भाग निकले थे।

जन्मदिवस पर संकट मोचन मंदिर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र

परिवार सहित भगवान बजरंगबली के दरबार में की पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर परिवार सहित संकट मोचन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बजरंगबली एवं प्रभु श्रीराम के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी वीर राजन मिश्रा भी अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचे और अपने पूज्य पिता कलराज मिश्र के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सुखमय जीवन के लिए प्रभु के चरणों में प्रार्थना की। मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहा। वीर राजन मिश्रा ने कहा कि पिता का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनका त्याग, अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहता है। उन्होंने कामना की कि पिता का स्नेह एवं आशीर्वाद परिवार और समाज को निरंतर प्राप्त होता रहे। जन्मदिवस के अवसर पर संकट मोचन मंदिर में परिवार सहित पूजा-अर्चना का यह आयोजन श्रद्धा, संस्कार और पारिवारिक प्रेम का प्रतीक बना।

हेड कांस्टेबल के बंद मकान का ताला तोड़कर 1.50 लाख नकद और जेवर चोरी

वैष्णो देवी दर्शन को गए थे मकान मालिक, पत्नी भी गई थीं मायके; सीसीटीवी में दिखे चार संदिग्ध

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-12बी में चोरों ने यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल के बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और 1.50 लाख रुपये नकद समेत सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरों में चार संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार साहू पत्नी आरती साहू के साथ मकान नंबर 327 बी में रहते हैं। उनके छोटे भाई तरुण साहू निवासी घुसवल कला ने बताया कि प्रदीप वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे, जबकि उनकी पत्नी मायके गई थीं। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। तरुण के मुताबिक, पड़ोसियों ने फोन कर मुख्य गेट का ताला टूटे होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचने पर घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद पीजीआई पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। परिवार के अनुसार, चोर घर से 1.50 लाख रुपये नकद, सोने की चेन, नाक की कील, कान के टॉप्स और चांदी के सिक्के व दो जोड़ी बिछिया चोरी कर ले गए। घटना के बाद मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें चार संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है।

मुंबई जाने की तैयारी कर रहा था युवक, घर में फंदे से लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मऊ रमगढ़ा गांव में रविवार देर रात एक 18 वर्षीय श्रमिक ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन देर रात वैवाहिक कार्यक्रम से लौटे तो युवक का शव कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मऊ रमगढ़ा गांव निवासी सचिन (18) मुंबई की एक कैंटीन में नौकरी करता था। परिजनों के मुताबिक, करीब दो माह पहले वह घर आया था और दोबारा मुंबई जाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वह परेशान चल रहा था। रविवार शाम परिवार के सभी लोग एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात करीब तीन बजे जब परिजन घर लौटे तो सचिन कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। मृतक के परिवार में पिता गजराज, मां कमला और एक बहन है। जवान बेटे की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

रेलवे ट्रैक पर मिला 65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद और दिलावर नगर रेलवे स्टेशन के बीच बेलवा फाटक के पास सोमवार शाम रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम करीब साढ़े तीन बजे बेलवा फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की जांच की, लेकिन उसके पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने आसपास के गांवों में पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिल सकी। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसने काले रंग की टी-शर्ट और ग्रे रंग की पैंट पहन रखी थी। मृतक की पहचान सोशल मीडिया व माध्यमों से कराई जा रही है। शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है।

ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी, डीवीआर भी ले गए चोर

रहीमाबाद कस्बे में वारदात से व्यापारियों में दहशत, पुलिस ने शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद कस्बे में चोरों ने एक ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। शातिर चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और चोरी करने के बाद सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। सोमवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर व्यापारी के होश उड़ गए। घटना से कस्बे के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

रहीमाबाद कस्बा निवासी सौरभ सोनी की दरोगा चक्की के पास लालूहार रोड पर ज्वेलर्स की दुकान है। रविवार शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया और अंदर घुसकर करीब छह ग्राम सोना, 350 ग्राम चांदी, 10 हजार रुपये नकद और अन्य सामान चोरी कर लिया। दुकान संचालक के मुताबिक चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब एक लाख रुपये है।

सोमवार सुबह दुकान पहुंचने पर शटर टूटा देखकर सौरभ सोनी के होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो जेवरात और नकदी गायब थी। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी उखाड़ ले गए थे। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। डीवीआर चोरी होने से चोरों की पहचान के लिए पुलिस को आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी पड़ सकती है।

पान मसाले को लेकर भिड़े दो लोग, युवक की गर्दन पर चाकू से हमला; आरोपी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलीबाग के भीमटोला में पान मसाला खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। कहासुनी के बाद एक व्यक्ति ने युवक की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। हमले में अमित उर्फ गोलू घायल हो गया। पीजीआई पुलिस ने आरोपी किशन शर्मा (50) को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हमले में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, 22 नवंबर की रात अमित और किशन के बीच पान मसाला खाने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विरोध करने पर किशन ने अमित की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। घायल के भाई गोपी गौतम ने 23 नवंबर को पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जानलेवा हमले समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया।

दो टीमें लगाकर आरोपी को पकड़ा

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दो टीमें गठित की थीं। तकनीकी और स्थानीय सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। किशन भीमटोला स्थित खान मार्केट का रहने वाला है।

2016 में भी दर्ज हुआ था केस

पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 में पीजीआई थाने में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण के अभियान में 30,370 चालान, 389 वाहन सीज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने और ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने 21 और 22 नवंबर को दो दिवसीय प्रदेशव्यापी विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन के नेतृत्व में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। प्रदेश प्रवर्तन प्रभारी एवं अभियान के नोडल अधिकारी केडी सिंह गौर ने बताया कि अभियान के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन के प्रयोग, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, अनधिकृत हूटर-सायरन, मल्टी टोन हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर और ब्लैक फिल्म के खिलाफ व्यापक जांच की गई। परिवहन विभाग के अनुसार अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और अनधिकृत ध्वनि उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगाना है। विभाग ने आगे भी ऐसे अभियान जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

दो दिनों की कार्रवाई का आंकड़ा

कुल चालानः	30,370
सीज किए गए वाहनः	389
प्राप्त प्रशमन शुल्कः	124.86 लाख रुपये
उल्लंघन के अनुसार चालान का विवरणः	
नियम उल्लंघन	चालान
बिना हेलमेट	12,032
बिना सीट बेल्ट	2,494
वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग	1,064
शराब पीकर वाहन चलाना	246
ओवरस्पीडिंग	4,656
बिना एचएसआरपी/विकृत नंबर प्लेट	1,560
ध्वनि प्रदूषण	709
ब्लैक फिल्म	222
निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग	181
अन्य सड़क सुरक्षा उल्लंघन	7,970
कुल	30,370

गारमेंटिंग पॉलिसी का लाभ कागजों तक सीमित न रहे

भव्य 'उ.प्र. हैंडलूम, सिल्क व खादी एक्सपो' आयोजित करने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को डालीबाग, लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के खादी भवन सभागार में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं विभागीय प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 तथा बुनकर कल्याण की योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर इसका असर दिखाई दे। उन्होंने नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों और परिक्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए तथा दिसंबर माह से परिक्षेत्रीय कार्यशालाएं (वर्कशॉप) आयोजित कर उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा के दौरान 'उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022' की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपलब्ध बजट प्रावधान के सापेक्ष शासन से प्राप्त स्वीकृति में से अधिकांश धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा कई अन्य इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि के संवितरण (डिस्बर्समेंट) की स्वीकृति प्रदान की गई है। नीति के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष पात्र इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए जा चुके हैं और अनेक इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि वितरित की जा चुकी है। मंत्री राकेश सचान ने स्वीकृत अवशेष धनराशि का शीघ्र एवं पारदर्शी उपयोग पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पाइपलाइन में मौजूद अन्य परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट की मांग की जा सके।

मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश के हस्तशिल्प और वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने के लिए विपणन आयोजनों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के बाहर देश के बड़े शहरों में आयोजित की जा रही है तथा आगामी 30 नवम्बर से भुवनेश्वर एवं 20 दिसम्बर से जोधपुर में आयोजन प्रस्तावित है। मंत्री ने निर्देशित किया कि लखनऊ में भव्य 'उ.प्र. हैंडलूम, सिल्क एवं खादी एक्सपो' का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फैशन शो तथा बायर-सेलर मीट को एक्सपो के साथ समन्वित कर भव्य रूप से आयोजित किया जाए।

राजनाथ सिंह ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर व्यक्त की शोक संवेदना

लखनऊ। भारत सरकार के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ प्रवास के दौरान विभिन्न शोकाकुल परिवारों के आवास पहुंचकर परिजनों से भेंट की तथा दिवंगत व्यक्तियों के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और उन्हें ढांढस बंधाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अलीगंज स्थित स्वर्गीय राजकुमार सिंघल के आवास पहुंचकर परिवारजनों से मिले और उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात शिवधाम बस्ती, बीरबल साहनी मार्ग पर स्वर्गीय श्याम लाल वाल्मीकि के परिवारजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। रिसालदार पार्क स्थित पूर्व पार्षद स्वर्गीय राजेंद्र शुक्ला के आवास पर पहुंचकर परिजनों से भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद ऐशबाग स्थित सुदर्शनपुरी में पूर्व पार्षद रंजीत धानुक के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। इसी क्रम में हरदोई रोड स्थित देव लोक लॉन पहुंचकर देवेश रस्तोगी से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, विशेष कार्यकारी अधिकारी केपी सिंह, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी एवं जनसंपर्क अधिकारी राघवेंद्र शुक्ला, मीडिया प्रभारी अनुराग साहू उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर जिलों में होगा विकसित भारत युवा संवाद

लखनऊ। संविधान दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत) की ओर से 24 से 26 नवंबर तक देशव्यापी विकसित भारत युवा संवाद आयोजित किया जाएगा। इसके तहत 30 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 600 से अधिक जिलों के 500 से ज्यादा कॉलेजों में कार्यक्रम होंगे। इसका उद्देश्य 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को देश की विकास यात्रा, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का वाचन करेंगे। साथ ही संवाद और जागरूकता सत्रों के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा होगी। विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रतिष्ठित युवा आइकॉन विकसित भारत@2047 विषय पर प्रस्तुतियां देंगे। इसमें गरीबी उन्मूलन, सामाजिक-आर्थिक बदलाव, समावेशी विकास और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं विकास जैसे विषय शामिल होंगे। पद्म पुरस्कार से सम्मानित हस्तियां भी विद्यार्थियों से संवाद कर अपने जीवन के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियां साझा करेंगी। कार्यक्रम में नशामुक्त भारत के निर्माण पर विशेष जोर दिया जाएगा। युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा का संदेश दिया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन से प्रेरित है। माय भारत पोर्टल के माध्यम से युवाओं का पंजीकरण और भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में माय भारत चैप्टर स्थापित कर युवाओं को स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से लगातार जोड़ने की योजना है।

लोक विरासत उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का आधार : मुख्यमंत्री धामी

बिन्दुखत्ता में लोकथात महोत्सव का समापन, लोकगायक प्रहलाद सिंह मेहरा के योगदान को किया याद

अमन लेखनी समाचार



नैनीताल (उत्तराखंड)। उत्तराखण्ड की समृद्ध लोकसंस्कृति यहां की सामाजिक चेतना, ऐतिहासिक विरासत और जनजीवन का जीवंत प्रतिबिंब है। लोकगीतों, लोककलाओं, क्षेत्रीय बोलियों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के माध्यम से पहाड़ की पीढ़ियों का अनुभव, संघर्ष और जीवन मूल्य अभिव्यक्त होते रहे हैं। इस अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को सहेजना और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। राज्य सरकार विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत को भी समान महत्व देते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल के बिन्दुखत्ता में आयोजित तीन दिवसीय लोकथात सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में लोकसंस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड के सुप्रसिद्ध लोकगायक स्वर्गीय प्रहलाद सिंह मेहरा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनकी स्मृति को आने वाली पीढ़ियों तक जीवंत रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने उनके पैतृक गांव में एक विद्यालय, स्टेडियम और एक हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले सांस्कृतिक भवन के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकथात जैसे आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देने के साथ स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। लोकथात का भाव हमारी सामूहिक विरासत और परंपराओं से जुड़ा है। ऐसे महोत्सवों के जरिए लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और क्षेत्रीय भाषाओं को संरक्षित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि आधुनिकता की दौड़ में हमारी विशिष्ट पहचान कहीं पीछे न छूट जाए।

स्वर्गीय प्रहलाद सिंह मेहरा को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका व्यक्तित्व और गायन उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपने गीतों के जरिए पहाड़ की सामाजिक परिस्थितियों, आम आदमी की भावनाओं और स्थानीय जीवन की वास्तविकताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके गीतों में केवल संगीत की मधुरता ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जनकल्याण का संदेश भी समाहित था।

मुख्यमंत्री ने उनके चर्चित गीत 'गर्भ भितेरा बेटी ना मार' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस रचना के माध्यम से उन्होंने कन्या संरक्षण और बेटियों के प्रति सम्मान का महत्वपूर्ण संदेश दिया। वहीं 'ऐजा मेरा दानपुरा' गीत में अपनी जन्मभूमि और मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना को अभिव्यक्ति दी। उनके गीतों में पहाड़ की महिलाओं की कठिनाइयों, युवाओं की उम्मीदों और समाज की संवेदनाओं को विशेष स्थान मिला।

उन्होंने कहा कि प्रहलाद दा भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्वरबद्ध रचनाएं उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा बनकर सदैव जीवित रहेंगी। मुख्यमंत्री ने उनके परिवारजनों, पुत्रों और प्रशंसकों की सराहना करते हुए कहा कि वे उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और लोकसंगीत की परंपरा को जीवंत रखने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार 'विकास भी और विरासत भी' की अवधारणा को केंद्र में रखकर काम कर रही है। एक ओर प्रदेश में सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और पारंपरिक सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लालकुआं विधानसभा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि किसी भी क्षेत्र के नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना और उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से 'विकल्प रहित संकल्प' की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है।

समारोह में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू एवं शंकर कौरंगा, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी निवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय, लोक कलाकार कमल मेहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव ने प्रकाश पर्व की दी बधाई

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर उनको सादर नमन करते हुए सभी देशवासियों के सुखसमृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को एकता में बांधने, जाति पांति मिटाने के साथ अन्याय के विरूद्ध संघर्ष और अध्यात्म के कल्याणकारी विचारों की भी सीख दी थी। उन्होंने कहा है कि गुरु नानक देव जी ने समाज सुधार के साथ एक परमात्मा की उपासना का एक अलग मार्ग भी मानवता को दिया। वे धर्म प्रवर्तक महान महापुरूष थे।

संक्षेप

पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के मगरायर निवासी अजय कुमार अवस्थी पुत्र स्व. जगदीश अवस्थी को पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी मिली धमकी को लेकर थाने में तहरीर दिया कि गांव का ही सोहन कुरील पुत्र गंगा प्रसाद प्रार्थी के भतीजे दीपक पुत्र संजय कुमार को घर के बगल स्थित बाग से पकड़कर अपने घर ले गया तथा गाली-गलौज व धमकी दी पीड़ित ने तत्काल यूपी-112 पर कॉल कर सूचना दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जाफरखेड़ा गांव के पास शुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ह्न ग्राम भदनांग निवासी दिपांशू यादव पुत्र रामचन्द्र सहरावां स्थित एक कंपनी में काम करता था। सुबह 5 बजे वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। रास्ते में जाफरखेड़ा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।हादसे के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों की मदद से घायल दिपांशू को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया ।मृतक दो भाइयों में छोटा था। हादसे की खबर मिलते ही बड़े भाई हिमांशू, बहन अंशिका और माता रंजिता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत दोनो सवार घायल

सफीपुर, उन्नाव। परियर मार्ग के बायां तालाब समीप सोमवार को बाईकों की आमने सामने टक्कर हो गई ।हादसे में दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए ।घायलों को राहगीरों की मदद से सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने एक की गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।कोतवाली क्षेत्र के जमालनगर एकतमाली गांव के मजरे शेरपुर निवासी पंकज (26) पुत्र राधेश्याम सोमवार को सफीपुर कस्बा आ रहा था ।अभी वह कस्बे से पूर्व बायां तालाब समीप पहुंचा था तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई ।हादसे में पंकज और दूसरी बाइक सवार गंगाघाट थाना क्षेत्र के बलवंतखेड़ा गांव निवासी विशाल (20) पुत्र राजेश घायल हो गया ।घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पंकज की हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

विधानसभा निर्वाचन नामावली की समीक्षा बैठक में एसडीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में सोमवार को उप जिलाधिकारी बांगरमऊ की अध्यक्षता में तहसील परिसर स्थित जनसभागार में विधानसभा निर्वाचन नामावली से संबंधित कार्यों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण एवं अद्यतन से जुड़े कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने सभी बीएलओ से उनके-अपने क्षेत्रों में निर्वाचन नामावली से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्वाचन नामावली से जुड़ा कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाला है। इसलिए सभी संबंधित कर्मचारी पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन नामावली से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए। पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, नामों एवं विवरणों में आवश्यक संशोधन कराने तथा अपात्र एवं त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों से संबंधित नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि निर्वाचन नामावली त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनी रहे। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहकर कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। साथ ही संबंधित सुपरवाइजर नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर निर्वाचन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपन्न कराने के निर्देश भी दिए इस समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारी बांगरमऊ के साथ नायब तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, संबंधित सुपरवाइजर, सभासद तथा तहसील क्षेत्र के सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जनगणना को जनभागीदारी का अभियान बनाने में जुटे प्रगणक अमित तिवारी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ अब जनजागरूकता की पहल भी तेज हो रही है। इसी क्रम में प्रगणक अमित तिवारी ने ग्रामीणों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। उन्होंने गांव के लोगों को जनगणना में सक्रिय भागीदारी का आमंत्रण देते हुए ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी दी।

अमित तिवारी ने बताया कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर तक चलने वाली इस प्रक्रिया में अधिक से अधिक परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार की गलत या अधूरी जानकारी न दें। प्रत्येक परिवार अपनी सही जानकारी दर्ज कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सहयोग करे।

अमित तिवारी ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश और समाज की वास्तविक तस्वीर सामने लाते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी विकास योजनाओं के नियोजन में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि जनगणना को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता सबसे जरूरी है। जब प्रत्येक परिवार स्वयं आगे आकर अपनी जानकारी उपलब्ध कराएगा, तभी सटीक आंकड़ों का संकलन संभव होगा।

बाइक की टक्कर से बालिका की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में हरदोई उन्नाव मार्ग पर ब्लाक चौराहे पास तेज रफ्तार बाइक ने बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बालिका गंभीर घायल हो गए। उसे यहां के सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया ।जिला अस्पताल में डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन में चीत्कार मच गई।

नगर के मोहल्ला चौघडा निवासी नन्दन गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी रविवार को देर शाम दांत का इलाज कराने किसी डॉक्टर के पास गई थी। उसके साथ उसकी सात वर्षीय बेटी खुशी और परिचित महिला रीता भी थी। डॉक्टर को दिखाने के बाद तीनों पैदल ब्लाक चौराहे से सीएचसी की ओर आ रही थीं। बालिका मां की अंगुली पकडे थी। तभी तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद राहगीर और दुकानदार बालिका को सीएचसी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पिता समेत अन्य परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। परिजन उसे आनन आनंन जिला अस्पताल ले गए। जहाँ डाक्टर ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन में चीत्कार मच गई। बताया जाता है की खुशी अपने मां-बाप की इकलौती संतान थी। वह मोहल्ले के ही एक निजी स्कूलों में कक्षा एक की छात्रा थी।

गंगा घाट पर स्नान करने वाले स्नार्थियों के लिए रास्ता किया दुरुस्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए जाने वाले वाहनों के आवागमन हेतु रास्ते को सुगम बनाने में पूरा प्रशाशन लगा रहा। जेसीबी से लेकर सफाई कर्मियों की टीम पूरे दिन लगी रही ।फिर भी गंगा के घाटों को आशा के अनुकूल नहीं बनाया जा सका ।जिसका कारण जमीन में नमी की अधिकता और खड़े घाट रहे। विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण में कार्तिक पूर्णिमा पर चार घाटों पर गंगा के स्नान होते है जिसमें कोलुहागाड़ा ,बलाई, बंदीपुरवा, चंदन घाट प्रमुख है इस वर्ष गंगा नदी में आई बाढ़ और बारिश ने गंगा तक जाने वाले रास्ते तथा खड़े घाट दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आ रहे है ।वैसे आज सोमवार को अचलगंज पुलिस, बीडीओ, राजस्व के साथ ग्राम प्रधान पूरे दिन आवागमन के कच्चे रास्तों तथा स्नान के लिए घाटों को बनवाने में लगे रहे ।अचलगंज बलाई को जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर अभी तक बारिश का पानी भरा है जिससे खेतों को काट कर गंगा नदी तक आवागमन के रास्ते बनाए गए है ।नदी के घाट एकदम खड़े है जिसके नीचे तेज बहाव का खतरा बना है जिला प्रशासन ने पण्डो की मदद से बांस बल्ली लगाकर आगे जाने पर रोक लगाई है ।कमोबेश यही स्थित कोळुहा गाड़ा ,बंदीपुरवा जाने वाले रास्ते की रही ।बीडीओ निशा सागर ,एसो सुब्रत त्रिपाठी, राजस्व टीम और ग्राम प्रधान पूरे दिन घाटों को सुगम बनाने में लगे रहे।

कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर पर भी गंगा नदी में गिरने वाले गंदे नाला के पानी को नही रोका गया ।जिससे श्रद्धालुओं ने नाराजगी व्याप्त रही ।आक्रमपुर, मगरवारा के साथ औद्योगिक एरिया बंथर में संचालित चर्म इकाइयों से निकलने वाला गंदा पानी सिटी ड्रेन के जरिए 25 किमी दूर आधा सैकड़ा गांवों से होते हुए गंगा नदी में गिरता है जो स्नान के दौरान रोक दिया जाता रहा है इस वर्ष बलाई घाट के किनारे से निकलने वाला यह नाला पूरे बेग से चलता दिख रहा है यह कोलुहा गाड़ा घाट से पहले ही गंगा नदी के पानी में मिल जाता है।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, किशोर घायल ग्रामीणों ने लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली इलाके में रविवार देर रात डंपर की टक्कर से बाइक चला रहे भूरे चौहान (38) की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा सचिन (16) गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 11 बजे डंपर देवारा कला की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान सहजनी की तरफ से बाइक पर भूरे चौहान, पुत्र कल्लू चौहान, निवासी सम्भर खेड़ा और सचिन, पुत्र सुरेश, आ रहे थे। दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद भूरे सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सचिन गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया।

हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क जाम कर हंगामा किया। गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद सड़क पर आवाजाही शुरू हुई।

पुलिस ने डंपर कब्जे में ले लिया और भूरे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर अजय सिंह ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गिट्टी लदा डंपर खाई में पलटा, केबिन में फंसा चालक, जेसीबी से काटकर निकाला गया

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर गिट्टी लदा डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे के बाद चालक केबिन में फंस गया, जबकि कंडक्टर किसी तरह बाहर निकल आया। पुलिस ने जेसीबी की मदद से केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला। घायल चालक को एंबुलेंस से सीएचसी सफीपुर भेजा गया।

डंपर नंबर यूपी 93 सीटी 8216 सोमवार दोपहर करीब एक बजे परियर से चकलवंशी की ओर जा रहा था। पावा चौराहे से कुछ दूरी पहले चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद डंपर सड़क के दाईं ओर खाई में पलट गया।

हादसे के समय डंपर में चालक जाकिर और कंडक्टर बाबू पुत्र अमर सिंह सवार थे। वाहन पलटते ही दोनों केबिन में फंस गए। बाबू किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन जाकिर अंदर ही फंसा रहा। उसे निकालने के लिए पुलिस और स्थानीय लोगों ने प्रयास शुरू किए।

पुलिस ने जेसीबी की मदद से डंपर का केबिन कटवाया और चालक जाकिर को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से उसे सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में चालक घायल हुआ है। घटना के बाद मौके पर कुछ देर लोगों की भीड़ जुटी रही। पुलिस के मुताबिक, कानून-व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या नहीं हुई। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर बक्सर गंगा घाट पहुंचने लगे श्रद्धालु, प्रशासन ने किया पुख्ता इंतजाम

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध बक्सर धाम स्थित गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला सोमवार शाम से ही बड़ी संख्या में लोगों का आगमन प्रारंभ हो गया है। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन अंतर्गत ग्राम बक्सर-डौंडिया खेड़ा के किनारे से पतित पावनी मां गंगा प्रवाहित होती हैं, गंगा तट पर शक्तिपीठ मां चंडिका देवी मंदिर भी स्थित है। पुरानी मान्यता के अनुसार, कार्तिक पूजा का व्रत रखने वाली युवतियां और श्रद्धालु मुख्य स्नान से एक दिन पहले ही पहुंचकर स्नान-पूजन करते हैं। इसी परंपरा के चलते सोमवार शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है तथा गंगा तट पर मेले की रौनक भी बढ़ गई है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, बड़े वाहनों पर रोक

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासन की ओर से गंगा में बैरिकेडिंग कराने के साथ ही गोताखोरों की तैनाती की गई है और घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था समेत सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। इसके अलावा, मेले की व्यवस्था व सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस बल से लेकर प्रशासनिक कर्मचारियों तक की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के दृष्टिगत बिहार व सुमेरपुर होते हुए फतेहपुर की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को सोमवार शाम से ही रोक दिया गया है।

पावनधाम में ग्यारह सौ दीपक जलाकर मनाई गई देव दीपावली

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटीबीर बाबा मंदिर प्रांगड़ पर कार्तिक पूर्णिमा (देव दीपावली) की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के असोहा , अजयपुर , पहाड़पुर , दुगार्खेड़ा , निमैचा , कन्दरपुर , नेवादा , रैनपुर के सैकड़ो लोगो ने पहुंच कर दीपक जला कर देव दीपावली मनाई , उपस्थित युवतियों ने पहले विधिवत रंगोली सजा कर प्रांगड़ को गुलजार करते हुए उसी पर दीपक रख लोगो ने प्रकास पर्व मनाया ।इस अवसर पर भाजपा नेता संजय शुक्ल ने बताया कि देव दीपावली की आज के दिन भगवान शिव ने तीनो लोको में आतंक कर रहे असुर त्रिपुरासुर का वध कर तीनो लोको को उसके आतंक से मुक्त कराया था , उसी खुसी में देवताओं ने दीपक जला कर उत्सव मनाया था ,तभी से यह देव देव दीपावली मनाई जाती है । इस दौरान आस्था , श्रद्धा , तेजस्वी , सौम्या , परी , श्रदा अवस्थी , सुहानी , शिवानी , प्राची , सगुन , तेजस शुक्ल , सताछि , त्रिभुवन त्रिपाठी , सुनील रावत , लकी सविता , आकाश , प्रदीप साहू , अमन , गोलू सोनी , रामशंकर यादव , राम भरोसे , शिवा तिवारी , विकास , उमेश गोस्वामी , तुलिसी सविता , आदित्य , आशीष , कर्तव्य , नंन्हके , शिवनारायण , भूषण , रामु सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में नाम शामिल करने के नाम पर पांच हजार रुपये मांगने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के उद्देश्य से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन इस योजना में पात्रता सूची में नाम शामिल कराने के नाम पर पांच हजार रुपये मांगने का गंभीर आरोप सामने आया है। मामले को लेकर एक पीड़ित पिता ने जिलाधिकारी उन्नाव को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई किए जाने तथा अपनी पुत्री का नाम योजना की पात्रता सूची में शामिल कराने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खंड गंजमुरादाबाद की ग्राम पंचायत महमदाबाद निवासी कृपाशंकर पुत्र जगन्नाथ ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी 21 वर्षीय पुत्री सुनीता देवी के विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन किया था। आवेदन के बाद पंचायत सचिव द्वारा पात्रता सूची तैयार करने के लिए जांच-पड़ताल की जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम विकास अधिकारी ने पात्रता सूची में पुत्री का नाम शामिल कराने के एवज में उनसे पांच हजार रुपये की मांग की। पीड़ित का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जब उन्होंने पांच हजार रुपये देने में असमर्थता जताई तो संबंधित अधिकारी ने उनकी पुत्री को नाबालिग बताते हुए पात्रता सूची में नाम शामिल करने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उनकी पुत्री सुनीता देवी की उम्र 21 वर्ष है और वह पूर्ण रूप से बालिग है। इसके प्रमाण के रूप में आधार कार्ड की प्रति भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न किए जाने की बात कही गई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना में इस तरह की कथित धन उगाही से जरूरतमंद परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह एक गरीब व्यक्ति हैं और अपनी पुत्री के विवाह के लिए सरकारी योजना का लाभ पाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन कथित रूप से पांच हजार रुपये की मांग किए जाने से उन्हें निराशा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित कृपाशंकर ने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी पुत्री सुनीता देवी की वास्तविक उम्र और उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण कराकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की पात्रता सूची में उसका नाम शामिल कराने के लिए आवश्यक आदेश पारित किए जाएं।

तंमचे से फायर करने वाले पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के कालूखेड़ा स्थित सूर्या ढाबा के पास बैठे कुछ लोगों का तमंचे से हर्ष फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर कुछ दिन पूर्व वायरल हुआ था ।वायरल वीडियो का कालूखेड़ा चौकी इंचार्ज लालचंद्र कन्नौजिया जांच कर रहे थे ।जांच के दौरान सूर्या ढाबा में सात नवंबर 2026 की रात हर्ष फायरिंग की घटना होने की जानकारी हुई ।जिसमे राघवेंद्र यादव निवासी रानीखेड़ा थाना मोहनलालगंज, लखनऊ की लाइसेंसी शस्त्र होना पाया गया ।उक्त शस्त्र से कौशलेन्द्र उर्फ पप्पन अवस्थी निवासी सिरवइया, असोहा व प्रबल प्रताप सिंह निवासी कंचनपुर, असोहा द्वारा हर्ष फायरिंग करना पाया गया ।दारोगा लालचंद्र कन्नौजिया ने उक्त तीनों आरोपितों सहित सूर्या ढाबा संचालक राजू यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है ।एसओ फूल सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

युवती ने निगला जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में परिजनों की डांट से छुब्ध होकर युवती ने कीटनाशक निगल लिया हालत बिगड़ने पर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन कस्बा निवासी द्रगपाल की पुत्री पायल 18 को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया परिजनों की डांट फटकार बेटी को इतनी नागवार लगी कि उसने कीटनाशक निगल लिया थोड़ी देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई जिस पर उसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कार्तिक पूर्णिमा पर नानामऊ घाट पर उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब, लाखों श्रद्धालु लगाएंगे गंगा में डुबकी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा स्नान को लेकर क्षेत्र के प्रसिद्ध नानामऊ घाट पर आस्था और श्रद्धा का विशाल संगम देखने को मिलेगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी कार्तिक पूर्णिमा पर नानामऊ घाट पर विशाल मेले का आयोजन होगा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य एवं पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था और विश्वास के चलते श्रद्धालु भोर होते ही गंगा घाटों पर पहुंचना शुरू कर देते हैं। नानामऊ घाट पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। गंगा स्नान के साथ ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नानामऊ घाट पर लगने वाला विशाल मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्रामीण संस्कृति और सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक है। मेले में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार की दुकानें भी सजती हैं। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा, गंगा स्नान के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा साफ-सफाई सहित विभिन्न महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मेले की व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा घाट पर आने-जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। प्रशासन का प्रयास है कि कार्तिक पूर्णिमा का यह पावन पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। आस्था के इस महापर्व पर नानामऊ घाट एक बार फिर लाखों श्रद्धालुओं की भक्ति, विश्वास और धार्मिक उल्लास का साक्षी बनेगा। मां गंगा के जयकारों से पूरा घाट क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आएगा।

सम्पादकीय

चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच नेपाल से संतुलन जरूरी

नेपाल के साथ रिश्तों में मजबूती भारत की पड़ोसी नीति ही नहीं, बल्कि उसकी क्षेत्रीय सुरक्षा और सामरिक हितों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव और नेपाल में उसके आर्थिक व रणनीतिक विस्तार के बीच भारत के लिए जरूरी है कि वह इस हिमालयी पड़ोसी का भरोसेमंद मजबूत करे। सड़क, रेल, ऊर्जा, जलविद्युत और व्यापार के क्षेत्र में ठोस सहयोग देकर भारत नेपाल को विकास यात्रा का स्वाभाविक साझेदार बन सकता है। पाकिस्तान के साथ चीन की गहरी होती सैन्य साझेदारी और हिंद महासागर में उसकी बढ़ती सक्रियता ने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की चुनौती को और गंभीर बना दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के साथ व्यापक सामरिक हितों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। अमेरिकी कांग्रेस के अधीन गठित यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, चीन भारत की बढ़ती आर्थिक और सैन्य क्षमता को अपने क्षेत्रीय प्रभाव के लिए चुनौती मानता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन-पाकिस्तान सैन्य गठजोड़ की भूमिका ने भी भारत की चिंताएं जगाई हैं। चीन की यह रणनीति केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं है। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनाव से लेकर हिंद महासागर में नौसैनिक और निगरानी गतिविधियों के विस्तार तक उसके कदम भारत के लिए व्यापक सुरक्षा चुनौती पेश कर रहे हैं। ऐसे में भारत को सैन्य तैयारियों के साथ कूटनीतिक मोर्चे पर भी सतर्कता बरतनी होगी। इस परिदृश्य में नेपाल का सामरिक महत्व और बढ़ जाता है। भारत के साथ खुली सीमा, गहरे सांस्कृतिक संबंध और आर्थिक निकटता नेपाल को स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी बनाते हैं। दूसरी ओर, चीन सड़क, रेल, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के जरिए वहां अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। भारत के सामने चुनौती नेपाल को किसी खेमे में खड़ा करने की नहीं, बल्कि ऐसा भरोसेमंद साझेदार बनने की है, जिसके साथ जुड़ाव उसे विकास और समृद्धि के अधिक अवसर दे। मोदी और बालेन्द्र शाह की वार्ता इस दिशा में नई संभावनाएं खोल सकती है। ऊर्जा, जलविद्युत, रेलवे, संपर्क और बुनियादी ढांचे में सहयोग दोनों देशों के लिए पारस्परिक लाभ का आधार बन सकता है। नेपाल की जलविद्युत क्षमता और भारत का विशाल ऊर्जा बाजार एक-दूसरे के पूरक हैं। बिजली व्यापार से नेपाल को राजस्व और रोजगार के अवसर मिलेंगे, जबकि भारत को स्वच्छ ऊर्जा के स्रोत बढ़ाने में मदद मिलेगी। रेल और सड़क संपर्क के विस्तार तथा व्यापारिक सुविधाओं में सुधार से सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल सकती है। इसके लिए जरूरी है कि द्विपक्षीय समझौतों और परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। भारत-नेपाल संबंधों में सीमा विवाद, व्यापार और पारगमन में जुड़े मुद्दे तथा राजनीतिक असहमतियां भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। इनका समाधान निरंतर संवाद और पारस्परिक सम्मान से ही संभव है। चीन के बढ़ते प्रभाव का संतुलन बनाने के लिए उसे विकल्पों से वंचित करना नहीं, बल्कि बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना जरूरी है। भारत की क्षेत्रीय ताकत केवल उसकी सैन्य और आर्थिक क्षमता से नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ उसके संबंधों की मजबूती से भी तय होती है। इसलिए नेपाल के साथ सहयोग को नई ऊंचाई देना समय की मांग है। चीन की चुनौती का जवाब प्रतिस्पर्धा और दबाव से अधिक भरोसे, निवेश, विकास और समय पर पूरे होने वाले वादों से दिया जा सकता है।



जलवायु परिवर्तन

पंकज चतुर्वेदी

एक्शन प्लान कागज पर, संकट जमीन पर

जलवायु परिवर्तन अब आम आदमी के रोज के अनुभव का हिस्सा है। फिर भी सवाल बना हुआ है कि जब केंद्र से लेकर राज्यों तक सबके पास जलवायु कार्य योजनाएं है, तो असर कम क्यों नहीं दिखता। शुरुआत 2008 में हुई, जब भारत ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) जारी की। इसके बाद 2009 में केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अपनी-अपनी राज्य कार्य योजनाएं (एसएपीसीसी) बनाने को कहा। अब 34 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी योजना तैयार कर चुके हैं। जलवायु परिवर्तन का कैलेंडर सरकारी फ़ाइलों के कैलेंडर से तेज चलता है। जब तक एक्शन प्लान फाइलों से निकलकर बजट, विभागों के फैसलों और जमीन तक नहीं पहुंचेगा, हम योजनाएं बनाते रहेंगे और आपदाएं गिनते रहेंगे।

मानसून विदा हो गया और सामने दिख रहा है कि देश का बड़ा हिस्सा सूखा है और इसका कारण अल नीनो है। यह अब हर साल का झंझट है कि गर्मियों में लू और पारा रिकॉर्ड तोड़ता है। मानसून में कहीं बादल फटते हैं तो कहीं शहर डूब जाते हैं। पहाड़ दरकते हैं, नदियां सूखती हैं और खेत या तो प्यासे रह जाते हैं या बाढ़ में बह जाते हैं। जलवायु परिवर्तन अब आम आदमी के रोज के अनुभव का हिस्सा है। फिर भी सवाल बना हुआ है कि जब केंद्र से लेकर राज्यों तक सबके पास जलवायु कार्य योजनाएं हैं, तो असर कम क्यों नहीं दिखता। शुरुआत 2008 में हुई, जब भारत ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) जारी की। इसके बाद 2009 में केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अपनी-अपनी राज्य कार्य योजनाएं (एसएपीसीसी) बनाने को कहा।

आज 34 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी योजना तैयार कर चुके हैं। दस्तावेजों की गिनती में हम आगे हैं, पर इन योजनाओं का हश्र उत्तराखंड, कश्मीर और दिल्ली के अनुभव से साफ़ दिखता है। उत्तराखंड से शुरू करें, जहां 2013 की केदारनाथ त्रासदी के बाद योजना की पोल खुली। आपदा के वक़्त चर्चा में आया कि राज्य की जलवायु कार्य योजना का मसौदा ऐसी चेतावनियों से भरा था और बादल फटने से आई बाढ़ एक ऐसी आपदा थी, जिसका इंतजार किया जा रहा था। राज्य सरकार को ख़तरे की जानकारी थी। 2012 में उत्तराखंड कार्य योजना ने ऐसी आपदाओं की संभावना और उन्हें टालने के उपायों का आकलन कर लिया था। उस दौर के एक विश्लेषण में यह भी दर्ज हुआ कि राज्य के शासन-प्रशासन में जलवायु चिंताओं का एकीकरण बिल्कुल नहीं दिखता।

आपदा विश्लेषण में यह भी पाया गया कि स्थानीय स्तर पर संवेदनशीलता का आकलन नहीं हुआ था और नदियों के बाढ़ क्षेत्र में इमारतें बनने दी गईं। योजना कागज पर कहती रही कि जोखिम है, और निर्माण की मंजूरियां उसी जोखिम वाली जगहों पर मिलती रहीं। राज्य की मौजूद योजना पर भी विशेषज्ञों की राय है कि 2016 में मंजूर यह योजना सामान्य क्षेत्रवार सुझाव देती है और इसके पास संसाधन सीमित रहे हैं। इसके बाद भी बाढ़, भूस्खलन और दरकते पहाड़ों की ख़बरें साल दर साल लौटती रहीं। कश्मीर की कहानी बताती है कि योजना का देर से जागना भी नुकसान है। जम्मू-कश्मीर की पहली जलवायु कार्य योजना 2012 की है, लेकिन स्थानीय विशेषज्ञों के मुताबिक़ लगभग दस साल पहले राज्य-विशेष योजना का वादा हुआ, पर अधिकारियों ने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता नहीं समझी और काम बहुत देर से 2023 में शुरू हुआ। इस बीच जमीन पर हालात बिगड़ते गए। झेलम के जलस्तर में 2025 में 50 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई, जिसका कारण बढ़ता तापमान और लंबे सूखे दौर बताए गए। जिस नदी में कभी 2014 की बाढ़ ने श्रीनगर को डुबोया, वही अब सूखे की मार झेलती है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के क़रीब 12,243 ग्लेशियरों के उपग्रह अध्ययन में हर साल औसतन 35 सेंटीमीटर जल-समतुल्य द्रव्यमान की कमी पाई गई। ग्लेशियर घटेंगे तो घाटी की खेती, पनबिजली और पीने के पानी, तीनों पर असर पड़ेगा। आज राज्य दूसरी कार्य योजना बना रहा है। पहली योजना जिस काम



के लिए थी, यानी हिमालयी पारिस्थितिकी और जल संसाधनों को बचाना, उसमें कितनी प्रगति हुई, यह सवाल अभी अनुत्तरित है। देश की राजधानी दिल्ली भी इसी कतार में खड़ी है। दिल्ली की मौजूदा योजना 2031 में आकार लेने लगी थी और 2019 में जाकर जारी हुई, यानी लगभग आठ साल लगे। देरी इतनी थी कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण को योजना में क़रीब दो सफ़ल की देरी पर सरकार को फटकार लगानी पड़ी।

जारी होने के बाद भी हाल यह रहा कि योजना 2019 से कागज पर तैयार थी, पर लू की चेतावनी तब भी नहीं मिल रही थी। लू से निपटने की अलग योजना के लिए भी 2023 में ग्रीनपीस इंडिया और हीटवेव एक्शन कोलिशन को मुख्यमंत्री को पत्र लिखना पड़ा। बाद में जब दिल्ली अभूतपूर्व लू और भारी बारिश से जूझी, तो ख़बर आई कि राजधानी एक नई, पर बहुत देर से बनी, योजना को इसी साल लागू करने की उम्मीद कर रही है। जो शहर हर सर्दी में ज़हरीली हवा, हर गर्मी में जानलेवा तापमान और हर बरसात में जलभराव झेलता है, वहां जलवायु योजना को यह रफ़्तार चौंकाने वाली है। इन तीन उदाहरणों में एक साझा सूत्र है। पहला, पैसा। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक़ एनएपीसीसी के क्रियान्वयन में लगभग 38 अरब डॉलर का अंतर है। कर्नाटक की योजना की समीक्षा में दर्ज हुआ कि राज्य की कार्य योजना के तहत तय कार्यों के लिए धन की व्यवस्था कमजोर रही। दूसरा, योजनाओं का स्वरूप। नेतृत्व और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, कार्यों का स्पष्ट न होना और यह मान लेना कि पैसा केंद्र या कहीं और से आ जाएगा, अमल की प्रमुख बाधाएं हैं। तीसरा, जिम्मेदारी का बंटवारा। ज्यादातर राज्यों में वन और पर्यावरण विभाग योजना बनाते हैं, जबकि दूसरे विभागों में जलवायु के असर की समझ और ठोस रणनीति अक्सर नहीं होती। योजनाएं जिन विभागों के लिए लिखी गई, यानी जल, बिजली, खेती और शहरी विकास, वे अपने पुराने तरीक़े से चलते रहे। चौथा, निगरानी का अभाव। केंद्र की समिति ने अब तक एसएपीसीसी की प्रगति पर 12 बैठकें की हैं। डेढ़ दशक में इतनी कम बैठकों से अमल की गंभीरता का अंदाजा लग जाता है। एक और बात ग़ौर करने की है। योजनाएं अक्सर विकास के नाम पर वही करती रहीं जो पहले से हो रहा था। राज्यों की जलवायु कार्य योजनाओं को टिकाऊ विकास की योजना का पर्याय माना जाता रहा और उनमें हालात बिगड़ने की आशंका की जगह मौजूदा स्थिति को आधार बनाया गया। इसलिए एक तरफ पहाड़ों की नाजुकता की बात होती है और दूसरी तरफ चौड़ी सड़कें और बिजली परियोजनाएं मंजूर होती है। एक तरफ़ दिल्ली में पेड़ लगाने और यमुना साफ़ करने के ऐलान होते हैं, और दूसरी तरफ़ नदी का किनारा निर्माण के लिए खुलता है। जब योजना और विकास के फ़ैसले दो अलग पटरियों पर चलें, तो असर काग़ज तक ही रह जाता है। रास्ता कठिन नहीं है, बस इच्छाशक्ति मांगता है। हर योजना के साथ बजट का स्पष्ट प्रावधान हो और जलवायु का हिस्सा बजट में अलग दिखे। कार्य योजना किसी एक विभाग का नहीं, पूरी सरकार का दायित्व बने, जिसमें हर विभाग का लक्ष्य और जवाबदेही तय हो। योजनाएं जिला और पंचायत स्तर तक उतरें, क्योंकि असर स्थानीय है तो इलाज भी स्थानीय होगा। हर साल प्रगति की सार्वजनिक रिपोर्ट आए और हर नई परियोजना को मंजूरी देने से पहले राज्य की जलवायु योजना की कसौटी पर परखा जाए।

दिल्ली में योजना बनने में आठ साल लगे और अमल का इंतजार अब भी जारी है। जलवायु परिवर्तन का कैलेंडर सरकारी फाइलों के कैलेंडर से तेज चलता है। जब तक एक्शन प्लान फाइलों से निकालकर बजट, विभागों के फैसलों और गांव-शहर की जमीन तक नहीं पहुंचेगा, हम योजनाएं बनाते रहेंगे और आपदाएं गिनते रहेंगे।

मंथन

महेन्द्र तिवारी



मृत अर्थव्यवस्था से लेकर विकास के प्रतिमान तक

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक अर्थशास्त्र में वक्तव्यों की दिशा कब बदल जाए, इसका अनुमान लगाना सदैव कठिन होता है। 20 नवंबर 2026 को अपने चार दिवसीय एशिया दौरे से लौटकर जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन में पत्रकारों से संवाद किया, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की उनकी प्रशंसा ने विश्व भर के विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने भारत की 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर और कम ब्याज दरों का उदाहरण देकर अपने केंद्रीय बैंक की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। यह मोड़ इसलिए भी चर्चित है क्योंकि मात्र 16 महीने पहले, जुलाई 2025 में, उन्होंने भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कहकर खारिज किया था। संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कहा कि यदि भारत को देखा जाए, तो वहां ब्याज दरें कम हैं और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7 प्रतिशत है। उन्होंने दावा किया कि यदि अमेरिका में भी ब्याज दरें घटाई जाएं, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था 4 प्रतिशत के स्थान पर 14, 15 या 20 प्रतिशत की गति से बढ़ सकती है। उनके अनुसार ऐसी तीव्र वृद्धि से अमेरिका अपना विशाल राष्ट्रीय ऋण शीघ्रता से चुका सकेगा। उन्होंने यह तर्क भी दिया कि ब्याज दर में प्रत्येक एक प्रतिशत की बचतें वर्ष अमेरिकी खजाने पर लगभग 650 अरब डॉलर का अतिरिक्त वित्तीय भार डालती है। इस वक्तव्य का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि ट्रंप की यह प्रशंसा भारत के प्रति अचानक जागे अनुराग से अधिक अपने केंद्रीय बैंक पर राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति थी। उन्होंने अमेरिकी केंद्रीय बैंक को अत्यधिक राजनीति से प्रेरित संस्था बताया। उनका आरोप है कि जब भी अमेरिका के आर्थिक आंकड़े मजबूत अाते हैं, केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ा देता है, जबकि बेहतर साख की स्थिति में दरें घटानी चाहिए। यद्यपि उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष केविन वॉर्श को व्यक्तिगत रूप से दोषी नहीं ठहराया, किंतु पूरी संस्थागत प्रणाली पर प्रश्न उठाते हुए पूर्व अध्यक्ष एलन ग्रीनस्पैन की नीतियों को सराहा। राजनीतिक मंचों से दिए गए कथन प्रायः जटिल आर्थिक यथार्थ को अत्यंत सरल बनाकर प्रस्तुत करते हैं, और ट्रंप के इस दावे में भी एक स्पष्ट विरोधाभास है। उन्होंने भारत को ब्याज दरों को कम बताया, किंतु नवंबर 2026 के वास्तविक आंकड़े इसके विपरीत स्थिति दर्शाते हैं। संख्यात्मक दृष्टि से भारत की प्रमुख नीतिगत ब्याज दर अमेरिका से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 अक्टूबर 2026 को लगभग चार वर्षों बाद नीतिगत ब्याज दर में चौथाई प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 5.50 प्रतिशत किया था। वहीं अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने 16 सितंबर 2026 को दरें बढ़ाकर 3.75 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के दायरे में रखा, जिसकी प्रभावी दर 3.88 प्रतिशत है। यह तथ्य स्पष्ट करता है कि भारत में ऋण अमेरिका की तुलना में सस्ता नहीं है, फिर भी भारत की विकास गति कहीं अधिक तेज बनी हुई है। यहां यह समझना आवश्यक है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक राजनीतिक आग्रहों के बावजूद ब्याज दरें घटाने से क्यों बच रहा है। किसी भी सुदृढ़ राष्ट्र में केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता आर्थिक स्थिरता की आधारशिला होती है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के निर्णय दोहरे उत्तरदायित्व पर आधारित होते हैं, जिनमें मूल्य स्थिरता बनाए रखना और अधिकतम रोजगार सुनिश्चित करना शामिल है। सितंबर 2026 के आंकड़ों में अमेरिका की वार्षिक मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत रही, जो केंद्रीय बैंक के 2 प्रतिशत के लक्ष्य से काफी ऊपर है। ऐसी दशा में दरें घटाने पर बाजार में अतिरिक्त मुद्रा प्रवाह से महंगाई और विकराल हो सकती है। यही मौद्रिक अनुशासन भारतीय रिजर्व बैंक की कार्यप्रणाली में भी दिखता है। खाद्य मूल्यों की संवेदनशीलता और वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने सस्ती मुद्रा के आकर्षण के बजाय मूल्य नियंत्रण को वरीयता दी। इससे सिद्ध होता है कि भारत की 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक रफ्तार केवल सस्ते ऋण का परिणाम नहीं है, बल्कि वह सशक्त घरेलू उपभोग, बुनियादी ढांचे में निरंतर सार्वजनिक निवेश, वित्तीय समावेशन और सुव्यवस्थित आर्थिक प्रबंधन की देन है।

रिलेशनशिप इन बातों से हो सकती है स्ट्रांग



संकलित

दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक संवेदनशील व्यक्ति से रूखी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदन तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित

प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर वैकुण्ठ पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों को बोलने का अवसर दिया और दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा- तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो। डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा- महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्रुद्ध होकर बोले- निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो। उसी तपस्या में फल है, जो अहंकार रहित होकर की जाए अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है और यही भविष्य में ईश्वर प्राप्ति का आधार बनता है झूठे दिखावे तप नहीं है, ऐसे लोगों की गति वही होगी जो साधु की हुई।

अंतर्मन



आज की पाती

पशुधन में रुचि घटने के कारण दूध के दाम ऊंचाई पर

हाल ही में देश की दूध देने वाली कंपनियों ने दूध के मूल्य में वृद्धि कर दी। इस कंपनियों को दूध की कीमत में इसलिए वृद्धि करनी पड़ी होगी क्योंकि इन्हें इस तक दूध पहुंचाने में खर्च करना पड़ता है। हमारा देश दूध प्रधान देश की संज्ञा जाता है। देश के कुछ राज्यों- जैसे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश आदि तो दूध की नदियों के प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है, लेकिन अब हमारे देश में स्थानांतर उसी राज्यों में एक लीटर दूध की कीमत 70 रुपए से ऊपर जा चुकी है, जो कि दूध प्रधान देश के लिए बहुत ही हैरानी की बात है। देश में दूध के ख़राब का मुख्य कारण लोगों की पशुओं को पालने के प्रति रुचि कम होना है। महानगरों के साथ सटे शहरों में घास आदि की कमी भी दो नई है जिससे पशुपालक घटा है। - सुरेश यादव, महरूमपुर

टेंड

'वाइब्रेंट विलेजेस' कार्यक्रम



जो लोग बेहतर आजीविका की तलाश में सीमावर्ती गांवों से चले गए थे, वे अब वापस लौट आए हैं। ऐसा नहीं सरकार द्वारा शुरू किए गए 'वाइब्रेंट विलेजेस' कार्यक्रम के तहत दी गई सुविधाओं की वजह से हुआ है। - अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

वाउकुटे को नमन



पद्मश्री भगवान लोन और तन्मयता संगर डॉ. ताराकांती बेहरामा वाउकुटे के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोकाकुल परिवार को संबल दे। - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

संकीर्ण मानसिकता



लोग अब समझने लगे हैं कि 'लैंडर' बनाने वालों की प्रतिभा, वैज्ञानिक, तकनीकी सोच, तथा 'उड़ने' वालों की फिटनेस, एथलेटिकी, प्रतिक्रियावादी और तकनीकी मानसिकता के बीच क्या अंतर है, और इसके क्या फायदे या नुकसान है। - अखिलेश यादव, सांसद, सपा

परिवर्तनकारी दृष्टिकोण



'विकसित भारत बिजनेस 2035' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो शिक्षा के केंद्र में अनुभवात्मक शिक्षण, एकीकरण और व्यवहार को रखता है। यह संस्थान प्रतिभा ही विरासत जैसा की नींव तैयार करेगी। -धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, बीजेपी

करंट अफेयर

कई साल बाद बुध ग्रह पर पहुंचा पहला अंतरिक्ष यान

आंतरिक सौर मंडल में आठ साल की लंबी यात्रा के बाद दो अंतरिक्ष यान सूर्य के सबसे करीब स्थित बुध ग्रह की कक्षा में पहुंच गए हैं और अब वे दोनों यान अलग-अलग कक्षाओं से इस सबसे छोटे ग्रह के उन रहस्यों से पर्दा उठाएंगे जिनकी गुत्थी वैज्ञानिक अब तक नहीं सुलझा सके हैं। यूरोपीय और जापानी अंतरिक्ष एजेंसियों के ये दो रोबोटिक खोजी यान अगले महीने एक-दूसरे से अलग हो जाएंगे। इसके बाद वे अलग-अलग ऊंचाइयों से इस तपते हुए छोटे ग्रह का मानचित्र तैयार करेंगे और उसका अध्ययन करेंगे। दो अरब डॉलर की इस संयुक्त अंतरिक्ष यात्रा को 'बेपीकोलंबो' नाम दिया गया है।



ऑफ बीट

अस्तित्ववाद के जनक कीर्केगार्द के विचार आज भी प्रासंगिक

वर्ष 1843 में डेनमार्क के युवा कीर्केगार्द ने अपनी पहली दार्शनिक पुस्तक 'आइदर/ऑर' प्रकाशित की। यह उनकी सबसे महत्वपूर्ण रचनाओं में से एक है। इस पुस्तक में उन्होंने जीवन जीने के दो तरीकों- 'सौंदर्यपरक' और 'नैतिक' के बीच अंतर बताया है। सौंदर्यपरक जीवन मुख्य रूप से व्यक्तिगत सुख और आनंद पर केंद्रित होता है, जबकि नैतिक जीवन में व्यक्ति इस बात के प्रति भी सजग होता है कि उसके कार्यों का दूसरों पर क्या असर पड़ता है। जीवन जीने के इन दोनों तरीकों में प्रेम का स्वरूप भी अलग-अलग होता है। सौंदर्यपरक प्रेम वह है, जिसमें व्यक्ति किसी के प्रेम में 'पड़' जाता है।



संक्षेप

जाति पूछकर दो युवकों पर हमला

प्रधान प्रतिनिधि समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी , मुंशीगंज में निमंत्रण से घर लौट रहे दो युवकों पर हमला करने का आरोप है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, 22 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे भेटुआ ब्लॉक के दूबेपुर निवासी भोला नाथ सिंह के बेटे आशुतोष सिंह और कोरारी लच्छनशाह निवासी राजकुमार सिंह के बेटे अनुराग प्रताप सिंह घर लौट रहे थे। आरोप है कि पनियार चौराहे पर अमरजीत यादव अपने साथियों के साथ मिले और दोनों युवकों को रोक लिया। जाति पूछने के बाद विवाद हुआ और मारपीट शुरू हो गई। आरोप के मुताबिक, अमरजीत ने असलहे के बट से आशुतोष की नाक पर वार किया। अन्य लोगों ने अनुराग के सिर पर बांस के डंडे से हमला किया। दोनों युवक घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने 23 नवंबर को मुंशीगंज थाने में शिकायत दी। अमरजीत यादव ग्राम पंचायत पनियार, विकासखंड शाहगढ़ के प्रशासक (प्रधान) प्रतिनिधि बताए गए हैं। मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

परसावां में ग्रामीणों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच हुई

संजय गांधी अस्पताल के शिविर में ईसीजी, शुगर और बीपी की जांच; दवाइयां भी बांटी गईं

अमेठी , ग्राम सभा परसावां में 23 नवंबर 2026 को संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर में जांच कराई। शिविर में बाल रोग, हृदय रोग, शुगर, बीपी और थायराइड की जांच की गई। मरीजों की मुफ्त ईसीजी जांच भी हुई। डॉक्टरों ने परामर्श दिया और मरीजों को मुफ्त दवाइयां बांटीं कार्यक्रम ग्राम प्रधान राम शंकर प्रजापति और भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के सहयोग से आयोजित किया गया।शिविर में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम के साथ कैंप कोऑर्डिनेटर सत्यदेव मिश्रा, डॉ. पल्लवी, कमलदीप, राकेश पांडेय, अमित त्रिवेदी, अमित तिवारी, अनामिका, अनीता वर्मा और नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दीं। दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त जांच व दवाइयां देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और बीमारी की समय पर पहचान कराने का मौका मिलता है उन्होंने संजय गांधी अस्पताल की डॉक्टरों की टीम और सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आगे भी जनसेवा के ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

झोपड़ी के अंदर सो रहे ग्रामीण को उठाकर ले गया तेंदुआ, क्षत विक्षत शव बरामद

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज सुजौली क्षेत्र में हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में लगातार वन्यजीवों के हमले की घटनाएं सामने आ रही है लेकिन इन घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग के पास कोई ठोस योजना नहीं है। झोपड़ी में सो रहे एक ग्रामीण को देर रात तेंदुआ उठाकर ले गया सुबह उसका क्षत विक्षत शव कुछ दूर पर स्थित गन्ने के खेत से बरामद हुआ ,घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर कर बुरा हाल है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज अंतर्गत ओरी पुरवा में कदम पुलिया पुल के पास झोपड़ी बनाकर रह रहे जयराम पुत्र जमुना प्रसाद (42 वर्ष) देर रात जब वह अपनी झोपड़ी के अंदर सो रहे थे तभी तेंदुआ वहां पहुंच गया और उन्हें उठाकर पास के गन्ने के खेत में खींच ले गया तेंदुए ने उन पर हमला कर निवाला बनाया। घटना का पता उस समय चला जब सुबह परिजन जयराम के पास पहुंचे तो वहां जयराम को न देखकर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। झोपड़ी के आसपास संघर्ष और नाखून के निशान दिखाई दिए। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ तलाश शुरू किया तो पास के गन्ने के खेत में जयराम का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला।शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिवार में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पाकर सुजौली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों में वन विभाग से तेंदुए की निगरानी बढ़ाने, इलाके में गश्त तेज करने और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग उठने लगी है। डीएफओ कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित ने बताया कि तेंदुए के हमले में एक ग्रामीण की मौत हुई है जो दुखद है। परिजनों को दस हजार रुपए की तत्काल अहेतुक सहायता राशि दी गई है। मौके पर वनकर्मी मौजूद है। लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत, पोता गंभीर

भवानीपुर महजिदिया मोड़ के पास हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच।जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम केवलपुर भड़का निवासी गया प्रसाद (58) अपनी पत्नी बितानी (55) और पोते रोहित के साथ मोटरसाइकिल से रायपुर की तरफ जा रहे थे। सोमवार शाम करीब चार बजे जब वे ग्राम भवानीपुर महजिदिया मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तेज गति और लापरवाही से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गया प्रसाद और उनकी पत्नी बितानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पोता रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही खैरीघाट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू करते हुए घायल को उपचार के लिए भिजवाने की व्यवस्था की। पुलिस के अनुसार, मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से गांव में शोक की लहर है।

नियम तोड़ने वाले 390 वाहनों का हुआ चालान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। यातायात माह के अंतर्गत लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव , अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, यातायात क्षेत्राधिकारी राज सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी राम प्रकाश के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत नियमों का पालन न करने वाले 390 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। जिसमे चालान में 564500 का ऑनलाइन चालान किया गया। जिसमें बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले 212, बिना सीट बेल्ट प्रयोग करने वाले चार पहिया वाहन 7, दो पहिया पर तीन सवारी बिठाने वाले 32, मानक के अनुसार नंबर प्लेट नहीं लगाने पर पांच, गलत पार्किंग पर खड़े मिले वाहन 48, बिना इंश्योरेंस संचालक पर दो, तेज रफ्तार वाहन 71 कार्यवाही में शामिल है। यातायात प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि नियमों का पालन कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।नियमों का पालन न करने पर ऑनलाइन कार्यवाही की जा रही है और यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

यातायात जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक, निकाली रैली

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की दी सीख

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। यातायात माह के तहत सोमवार को थाना खैरीघाट प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेहड़ा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने की सीख दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और अनमोल जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर आमजन को यातायात सुरक्षा का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सुरक्षित वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में खैरीघाट पुलिस टीम के साथ विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

दो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में एक बच्चा, प्रसव के दौरान पैदा हुए जुड़वां बच्चे

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। ग्राम सिंहपुर घिसयौना निवासी रीहाना पत्नी यासीन ने दो अलग-अलग अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है। महिला के मुताबिक, 9 मई को चिरैयाटांड़ स्थित वर्मा अल्ट्रासाउंड और 11 अगस्त को कैसरगंज स्थित राज पैथोलॉजी में जांच कराई गई थी। दोनों रिपोर्ट में गर्भ में एक ही बच्चा बताया गया, जबकि 3 अक्टूबर को चिरैयाटांड़ पीएचसी में प्रसव के दौरान उन्होंने 15 मिनट के अंतराल पर जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। महिला ने जिलाधिकारी, सीएमओ और मुख्यमंत्री से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर संबंधित केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मोबाइल टावर से चोरों ने पार कर दिया उपकरण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र अंतर्गत जमीपुर में लगी एक मोबाइल टावर साइट से अज्ञात चोरों द्वारा उपकरण चोरी किए जाने साइट टेक्नीशियन द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तकिया पाटन, जनपद उन्नाव निवासी शुभम सिंह इंडस मोबाइल टावर की सहयोगी कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने थाना प्रभारी बिहार को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जमीपुर स्थित उनकी साइट पर 16 नवंबर 2026 की रात करीब 8:13 बजे 'अजना डिस्कनेक्ट' का अलार्म मिला था। सूचना पर मौके पर पहुंचकर देखा गया तो स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। अगली सुबह बीएसएस इंजीनियर ने साइट पर पहुंचकर पुष्टि की कि अज्ञात चोरों द्वारा साइट के ऊपर से खोलकर एक एयरटेल उपकरण/अजना चोरी कर लिया गया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

गुरु गोरखनाथ चिकित्सा शिविर से हजारों लोगों को मिला लाभ

भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के 22 गांवों में आयोजित हुआ शिविर

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 के तहत मिहींपुरवा विकासखंड के 22 गांवों में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। 22 व 23 नवंबर को आयोजित शिविरों में हजारों ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक दवाइयां वितरित करने के साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकीय परामर्श भी दिया।शिविरों में केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और मेडिकल कॉलेज बहराइच के चिकित्सकों ने सहभागिता की। टीम कोऑर्डिनेटर अश्वनी पांडेय और लकीकांत मंडल के नेतृत्व में करीब 100 चिकित्सकों की टीम ने अलग-अलग गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं दीं। प्रत्येक शिविर में चार से पांच चिकित्सकों की टीम तैनात रही। चिकित्सकों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। सीमा क्षेत्र के बलई गांव, घुमनाभारू, हंसुलिया, कांजड़वा, रामनगर कंडा और सर्राकला मदरिया, अयोध्या गांव समेत 22 गांवों में शिविर आयोजित किए गए। सीमावर्ती और दूरदराज के गांवों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पहुंचने से ग्रामीणों को अपने गांव में ही स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा मिली। शिविरों में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दो दिवसीय स्वास्थ्य सेवा अभियान के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी, सह प्रांत प्रचारक संजय जी, बहराइच विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी, जिला प्रचारक अजय जी, जिला संघचालक बाबूलाल शर्मा, सह संघचालक सुरेश वर्मा और विभाग बौद्धिक प्रमुख अजय तिवारी ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर शिविरों का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा टीमों और आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे कार्यकर्ताओं से जानकारी ली तथा उनके सेवा कार्यों का उत्साहवर्धन किया।यात्रा के सफल संचालन में नानपारा जिले के यात्रा सह संयोजक योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू मौर्य ने मिहींपुरवा विकासखंड के 22 गांवों में व्यवस्थाओं का समन्वय किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं के सहयोग से चिकित्सकीय टीमों के ठहरने, आवागमन और शिविरों के सुचारु संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। वहीं नानपारा जिले के बाबागंज खंड में जिला संयोजक इंद्र बहादुर ने व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला। आयोजन को सफल बनाने में ,सोमवर्धन पाण्डेय, मनीष सिंह, तीरथ राम, अनिल कुशवाहा,राजकुमार यादव, सुशील गुप्ता, धनंजय पाण्डेय, अभिषेक राणा,आनंद कुशवाहा, पूर्व प्रधान निरंजन सिंह, पीयूष मौर्य, हुकुम चन्द्र वर्मा, राम किशोर वर्मा, सरदार गुरमीत सिंह, सुनील सिंह, राजेश गुप्ता, सुशील कुशवाहा, सरोज यादव, अमित कुमार, रोहित मिश्रा, अमित चौधरी, ओम नाथ सिंह चौहान, रमेश लोधी, रवि जायसवाल, डॉ. टीके. मौर्य, प्रीतम निषाद, प्रेम प्रकाश मौर्य, सुनील मौर्य, श्रीनिवास, श्याम पाल चौधरी, श्रवण कुमार, बसंत लाल प्रधान, रईश खां, छन्नाराम गुप्ता और राम ध्यान कुशवाहा समेत अन्य कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।आयोजकों ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य सीमावर्ती और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। 'नर सेवा नारायण सेवा' के संकल्प के साथ आयोजित इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां और विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श उपलब्ध कराया गया।

कार ने सफाईकर्मी को मारी टक्कर, 30 फीट नीचे गिरा, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात तेज रफ्तार कार ने कचहरी ओवरब्रिज पर सफाई कर रहे नगर पालिका के एक कर्मचारी को टक्कर मार दी। सफाईकर्मी करीब 30 फीट नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि कार सवार नशे में थे। उन्होंने सफाई वाहन और एक दूसरी कार को भी टक्कर मारी।जानकारी के मुताबिक, रात करीब 12 बजे नगर पालिका के सफाईकर्मी ओवरब्रिज पर काम कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने एक सफाईकर्मी को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और सफाई वाहन के साथ दूसरी कार को भी टक्कर मार दी। आरोप है कि कार में सवार युवकों ने विरोध करने पर सफाईकर्मियों से मारपीट की। साथी कर्मचारी के घायल होने से नाराज सफाईकर्मियों ने कार सवारों को घेरकर पीटा। इससे ओवरब्रिज पर हंगामा हुआ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सफाईकर्मियों से एक कार सवार को बचाया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया।घायल सफाईकर्मी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निर्माणाधीन स्कूल से सरिया चोरी करते तीन आरोपी पकड़े

प्रतापगढ़ में पिकअप समेत 60 सरिया बरामद, जेल भेजे गए

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पूरे लाल गांव में निमार्णाधीन कम्पोजिट विद्यालय से सरिया चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 60 सरिया और चोरी में इस्तेमाल पिकअप वाहन बरामद किया कोतवाली देहात पुलिस ने सोमवार दोपहर 3:30 बजे मामले का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह आरोपी विद्यालय से सरिया पिकअप में लादकर ले जा रहे थे। पड़ोसियों ने इसकी जानकारी निर्माण कार्य करा रहे भुवालपुर किला निवासी व्यक्ति को दी। वह अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से निकल चुके थे। वादी और उनके सहयोगियों ने पीछा कर कुछ दूरी पर पिकअप समेत तीनों को पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें चोरी की सरिया के साथ बेलखरी पुलिस चौकी ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान विकास पाल (27) और सुनील कुमार पाल (40), निवासी सुल्तानपुर, तथा संजय चौहान (26), निवासी अमेठी के रूप में की पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से रुनगटा स्टील 550ऊ मार्का की 60 सरिया मिलीं। इनमें एक बंडल में 37 और दूसरे में 23 सरिया थीं। पुलिस ने बताया कि विकास पाल के खिलाफ सुल्तानपुर में एक, सुनील कुमार पाल के खिलाफ दो और संजय चौहान के खिलाफ एक आपराधिक मुकदमा पहले से दर्ज है।

अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया

जिला जज के आदेशों पर जताई नाराजगी, लालगंज में आउटलाइन कोर्ट खोलने का विरोध

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जिला जज के कथित आदेशों से नाराज अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक कामकाज में हिस्सा नहीं लिया। जूनियर बार एसोसिएशन के पुरातन कार्यालय में हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने फैसलों पर नाराजगी जताते हुए काम से विरत रहने का निर्णय लिया। उनका कहना था कि बिना अधिवक्ताओं की राय लिए लगातार निर्णय किए जा रहे हैं, जिससे वकीलों और न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले वादकारियों को परेशानी हो रही है।

लालगंज में आउटलाइन कोर्ट खोलने का विरोध

अधिवक्ताओं ने लालगंज में आउटलाइन कोर्ट खोलने और पांच थानों की पत्रावलियां हस्तांतरित किए जाने के फैसले पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि इन फैसलों से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी और वादकारियों को अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ेगा।

परिवार न्यायालय और एमएसीटी कोर्ट स्थानांतरित करने पर नाराजगी

बैठक में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय को दीवानी न्यायालय परिसर से दूसरी जगह ले जाने और एमएसीटी कोर्ट को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानांतरित करने के फैसले का भी विरोध किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालयों को अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित करने से वकीलों और वादकारियों को अनावश्यक परेशानी होगी। उन्होंने अधिवक्ताओं और वादकारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित आदेशों पर पुनर्विचार करने की मांग की।बैठक में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री योगेश सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष इंदुभान मिश्र और मंत्री आशीष पांडेय मौजूद रहे।

संक्षेप

मजदूर को धमकी देने के मामले में हिस्ट्रीशीटर पर मुकदमा दर्ज

रंगदारी के मामले में 3 दिन पहले जेल से छूटा था आरोपी

बागपत , गौना गांव में मजदूर को धमकी देने के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर साजिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसपी पूर्णेन्दु सिंह के आदेश पर चांदीनगर थाने में यह कार्रवाई की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला शाम का है। गांव निवासी गुलफाम ने आरोप लगाया कि साजिद उसे बिना किसी वजह के परेशान कर रहा था। साथ ही उस पर गांव छोड़कर जाने का दबाव बना रहा था। इससे परेशान होकर गुलफाम ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। रंगदारी के मामले में तीन दिन पहले जमानत पर छूटा थाशिकायत के बाद स्थानीय लोगों ने भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। बताया गया कि साजिद तीन दिन पहले रंगदारी मांगने के मामले में जमानत पर जेल से छूटा था। इसके बाद गुलफाम को धमकी देने का मामला सामने आया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने चांदीनगर थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी उधम सिंह तालान ने सुबह 11:30 बजे बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सुभाष चंद कश्यप ने सड़क बनवाने की चेतावनी दी

31 दिसंबर 2026 तक निर्माण नहीं हुआ तो अपनी पेंशन से बनवाएंगे 100 मीटर सड़क

बागपत। एसपी कार्यालय के सामने जर्जर सड़क को लेकर पूर्व सांसद प्रत्याशी सुभाष चंद कश्यप ने धरना-प्रदर्शन कर नगर पालिका के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने सड़क निर्माण नहीं होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि 31 दिसंबर 2026 तक नगर पालिका इस सड़क का निर्माण नहीं कराती है तो वह अपनी पेंशन के पैसों से सड़क बनवाएंगे। रविवार को सुभाष चंद कश्यप एसपी कार्यालय के सामने पहुंचे और करीब 100 मीटर लंबे मार्ग का निर्माण कराने की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका बागपत की ओर से एसपी कार्यालय के सामने की सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। आखिर इसके पीछे क्या वजह है, यह किसी को समझ नहीं आ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या एसपी कार्यालय जनता के काम नहीं करता या पुलिस अधीक्षक नगर पालिका के काम नहीं करते हैं। सुभाष चंद कश्यप ने कहा कि पुलिस अधीक्षक बागपत आम जनता की समस्याओं को सुनते हैं और लोगों के काम करते हैं। इसके बावजूद उनके कार्यालय के सामने की सड़क का निर्माण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सड़क के आसपास के अन्य रास्ते पिछले दो दशकों में कई बार बन चुके हैं, लेकिन करीब 100 मीटर का यह मार्ग अब तक निर्माण की बाट जोह रहा है। उन्होंने नगर पालिका से मांग की कि सभी बाधाओं को दूर कर 31 दिसंबर 2026 तक सड़क का निर्माण पूरा कराया जाए। सुभाष चंद कश्यप ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय तक सड़क नहीं बनी तो एक जनवरी 2027 को वह अपनी पेंशन की रकम से इस सड़क का निर्माण कराएंगे।

प्रयागराज में दरोगा ने पलटी चौकी, झोले को मारी लात

दुकानदार को गालियां दीं, महिला राहगीर को देखकर भी नहीं रुका

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , फाफामऊ में एक दरोगा का दुकानदार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए वीडियो सामने आया है। 1 मिनट 5 सेकेंड के इस वीडियो में दरोगा गुमटी के बाहर रखी चौकी पलटता और सामान के पास रखा झोला लात मारकर दूर फेंकता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि उसने दुकानदार को सरेआम गालियां भी दीं। घटना के समय आसपास महिलाएं भी मौजूद थीं। चौकी पलटी, झोले को लात मारकर फेंका सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो की शुरूआत में दरोगा गुमटी के बाहर रखी चौकी पलटता नजर आता है। दूसरी ओर दुकानदार अपना सामान समेटता दिखाई देता है। इसी दौरान दरोगा गुमटी के सामने रखे झोले को पैर से लात मारकर दूर फेंक देता है। इसके बाद वह दुकानदार को गालियां देते हुए दुकान बंद करने के लिए कहता है। पूरे घटनाक्रम के दौरान दुकानदार सामान समेटता रहता है, जबकि दरोगा उस पर रौब झाड़ता दिखाई देता है।

महिलाओं की मौजूदगी में भी करता रहा गाली-गलौज

वीडियो में घटनास्थल के आसपास कई महिलाएं भी नजर आ रही हैं। एक महिला गुमटी से कुछ दूरी पर खड़ी होकर सवारी गाड़ी का इंतजार करती दिखती है। इसके बावजूद दरोगा का व्यवहार नहीं बदलता और वह दुकानदार से गाली-गलौज करता रहता है।

काली पैशन बाइक से पहुंचा था दरोगा

वीडियो में दिख रहे दरोगा की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

सपा प्रवक्ता बोले- 403 सीटों पर होगा मंथन

शिक्षा, रोजगार और गठबंधन एकता के दम पर 2027 जीतेगी पार्टी

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। गठबंधन के भीतर सीटों के बंटवारे पर बातचीत के लिए सपा ने चार सदस्यीय समिति बनाई है। सपा प्रवक्ता दान बहादुर के मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गठित इस समिति में राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सांसद राजीव राय और सांसद इकरा चौधरी को शामिल किया गया है। यह समिति कांग्रेस समेत गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे, प्रत्याशी चयन और चुनावी रणनीति पर बातचीत करेगी। उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों को लेकर गठबंधन की रणनीति तैयार की जाएगी।

रामगोपाल यादव की अगुवाई में होगी बातचीत

सीट शेयरिंग को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच दिल्ली में बैठक होने की संभावना है। कांग्रेस पहले ही बातचीत के लिए पांच सदस्यीय समिति बना चुकी है। अब सपा की ओर से रामगोपाल यादव की अगुवाई वाली टीम गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा करेगी। सपा प्रवक्ता के अनुसार, समिति पिछले चुनावों के नतीजों, क्षेत्रवार वोट शेयर और प्रत्याशियों के प्रदर्शन का आकलन करेगी। इसी आधार पर सीटों के बंटवारे और चुनावी रणनीति पर बातचीत होगी।

2024 की तरह 2027 में भी जीत का दावा

सपा का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तरह 2027 के विधानसभा चुनाव में भी कठऊकअ गठबंधन उत्तर प्रदेश में बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगा।

मेरठ में रिश्वत के आरोप में संपत्ति प्रबंधक सस्पेंड

5 हजार की मांग करने का वीडियो, बोले- मुझे रुपयों से मतलब है

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , आवास एवं विकास परिषद के संपत्ति प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा को शासन ने निलंबित कर दिया है। रिश्वत के लिए रुपए के लेनदेन से जुड़ा वीडियो और शिकायत पहुंचने पर यह कार्रवाई हुई है। मामले की जांच के लिए उप आवास आयुक्त लखनऊ को जांच अधिकारी बनाया गया है। वहीं, जोनल आयुक्त आरोप पत्र दाखिल करेंगे। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव आवास एवं विकास परिषद राकेश कुमार सिंह ने निलंबन का आदेश जारी किया। विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार ने संपत्ति प्रबंधक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए शासन में शिकायत की थी। शिकायत के साथ लेनदेन से संबंधित वीडियो भी जारी किए गए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया कि परिषद की ओर से फिनिश्ड भवनों के ऑनलाइन पंजीकरण में 15 अगस्त से अक्तूबर तक संचालित योजना में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को मिलने वाला तीन प्रतिशत आरक्षण समाप्त कर दिया गया। इस मामले में संपत्ति प्रबंधक की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए थे।

संपत्ति प्रबंधक की गृह जनपद में तैनाती पर भी उठे सवाल

शिकायतकर्ता ने संपत्ति प्रबंधक की तैनाती गृह जनपद में किए जाने पर भी आपत्ति जताई।

इसके अलावा संपत्ति विभाग के कनिष्ठ सहायक विनोद कुमार ने शिकायत में प्रमीत कुमार और एक आउटसोर्स कर्मचारी के रिश्वत लेते पकड़े जाने का भी उल्लेख किया था। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव और आवास आयुक्त से की गई थी।

मेरठ से 3 सीओ के ट्रांसफर, तीनों पद खाली

आशुतोष कुमार रायबरेली भेजे गए, विनीता और इंद्र मोहन बड़ौला की भी नई तैनाती

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, पुलिस में तीन क्षेत्राधिकारियों का तबादला दूसरे जिलों में कर दिया गया है। सीओ सरधना आशुतोष कुमार को रायबरेली भेजा गया है। दो अन्य अफसरों को भी नई तैनाती मिली है। इन तबादलों के बाद मेरठ में सीओ के 3 पद खाली हो गए हैं। अभी तक इन पदों पर किसी नए अफसर की तैनाती नहीं की गई है। तबादला सूची में पीटीएस मेरठ में तैनात सीओ विनीता और जोन में स्टाफ ऑफिसर सीओ इंद्र मोहन बड़ौला का नाम भी शामिल है। विनीता को रायबरेली और इंद्र मोहन बड़ौला को मुजफ्फरनगर भेजा गया है। आशुतोष कुमार सीओ सरधना का रायबरेली तबादला।

आशुतोष कुमार को रायबरेली भेजा

सीओ सरधना का चार्ज संभाल रहे आशुतोष कुमार का तबादला रायबरेली कर दिया गया है। उन्हें वहां सीओ के पद पर तैनाती दी गई है। सरधना से पहले वह मेरठ कोतवाली में सीओ रह चुके हैं। वह लंबे समय से मेरठ में तैनात थे। पीटीएस मेरठ में सीओ विनीता को भी रायबरेली भेजा गया है। वहीं, मेरठ जोन में स्टाफ ऑफिसर के पद पर तैनात सीओ इंद्र मोहन बड़ौला का तबादला मुजफ्फरनगर किया गया है।

कपसाड़ और ललिता गौतम हत्याकांड की जांच में रहे शामिल

मेरठ में सीओ आशुतोष कुमार की तैनाती के दौरान कपसाड़ कांड और ललिता गौतम हत्याकांड जैसी बड़ी घटनाएं हुईं। इन मामलों में उन्होंने पुलिस टीम के साथ जांच और कानून-व्यवस्था से जुड़ी जिम्मेदारियां संभालीं। तीनों सीओ के तबादले के बाद मेरठ में उनके पद खाली हो गए हैं। फिलहाल इन पदों पर नए अफसरों की तैनाती का आदेश जारी नहीं हुआ है।

नीले ड्रम वाली मुस्कान से जेल में मिलने पहुंचा वकील

हाईकोर्ट में फांसी माफी की याचिका पर 30 नवंबर को है सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , नीले ड्रम वाली मुस्कान को फांसी की सजा से बचाने के लिए उसके वकील जेल में उससे मिलने पहुंचे। शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों की टीम मेरठ पहुंची। टीम ने यहां जिला जेल में बंद मुस्कान-साहिल से मुलाकात की है। उनसे काफी देर तक बातचीत करते हुए पूरे केस के बारे में काफी पूछताछ की है। बता दें कि मुस्कान-साहिल दोनों को सौरभ राजपूत मर्डर केस में मेरठ जिला जज की अदालत ने 14 अक्टूबर को फांसी की सजा सुनाई है। फांसी माफी के लिए मुस्कान-साहिल ने अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 30 नवंबर को उनके केस में सुनवाई की तारीख लगी है। वकीलों ने साहिल-मुस्कान से वन टू वन की मुलाकात

मेरठ जिला जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट में साहिल-मुस्कान का केस उनके वकील सुशील शुक्ला लड़ रहे हैं। सुशील शुक्ला की जूनियर टीम के पैनल से एड. निधि और एड. हैप्पी सिंह दोनों मेरठ आए थे। दोनों ने जेल में मुस्कान-साहिल से वकील मुलाकात की है। वकील मुलाकात कैदी और वकील दोनों की पर्सनल मुलाकात होती है। जो एकांत में होती है। इसलिए दोनों के बीच उसमें क्या बातचीत हुई है इसकी हमें जानकारी नहीं है। लेकिन वकीलों की वन टू वन दोनों से मुलाकात हुई है। अब दोनों का ध्यान अपनी अपील पर है दोनों से ही वकीलों ने उनके केस से जुड़े सवाल किए हैं। लगभग 1-1 घंटे तक दोनों से बातचीत हुई है।

फायरिंग करने वाले तीन आरोपी पकड़े

घुड़चढ़ी होने के कारण जाम में फंसे थे, पैसे के लेनदेन का विवाद भी सामने आया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , शालीमार गार्डन और टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रात ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने नौ घंटे के भीतर तीन स्थानों पर चार बार गोलियां चलाई थीं। घुड़चढ़ी के दौरान जाम में फंसने पर बारातियों को डराने के लिए हवाई फायरिंग की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कार, एक पिस्टल, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 निवासी नमन चौधरी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि कुलदीप कसाना और उसके साथियों ने रात करीब 2:30 बजे उनके घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग की। आरोपियों ने कार के शीशे तोड़ने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी थी। इससे पहले रात करीब आठ बजे सन्नी के कार्यालय पर भी फायरिंग की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी कुलदीप कसाना निवासी शकलपुरा, लोनी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल स्विफ्ट कार, 32 बोर की पिस्टल, पांच जिंदा और तीन खोखा कारतूस बरामद हुए। वहीं, टीला मोड़ पुलिस ने घुड़चढ़ी के दौरान काका फार्म हाउस के पास हवाई फायरिंग करने वाले गौरव डांगर निवासी निस्तौली और सन्नी निवासी पंजाब को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से दो तमंचे, दो जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। घटना में इस्तेमाल लाल रंग की ब्रेजा कार भी जब्त की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जाम में फंसने पर बारातियों को डराने और अपना रौब दिखाने के लिए उन्होंने गोलियां चलाई थीं। कुलदीप ने नमन से रुपये मांगने के विवाद में फायरिंग करना स्वीकार किया। कुलदीप पर पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

मेरठ विकास प्राधिकरण में 30 नवंबर को किसानों की महापंचायत

21 दिन से धरने पर बैठे, जनप्रतिनिधियों पर लगाया अनदेखी का आरोप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, एमडीए परिसर में मुआवजे और प्लॉट की मांग को लेकर किसानों का धरना रविवार को 21वें दिन भी जारी रहा। किसानों का आरोप है कि इतने दिन बीतने के बाद भी उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने मौजूदा सरकार के जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि अब तक कोई जनप्रतिनिधि उनका हाल जानने धरने पर नहीं पहुंचा। किसान नेता गौरव गुर्जर काजीपुर ने कहा कि किसानों का संघर्ष जारी रहेगा। मांगें पूरी नहीं होने पर जल्द भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। इसके साथ ही 30 नवंबर को एमडीए परिसर में महापंचायत बुलाई गई है। किसानों ने इसमें अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की अपील की है। किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। महापंचायत में किसान यूनियनों, राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को भी बुलाया गया है। धरने पर बैठे किसानों ने मुआवजे और प्लॉट की मांग पूरी करने की बात दोहराई।

भूख हड़ताल की चेतावनी, 30 नवंबर को महापंचायत

किसान नेता गौरव गुर्जर काजीपुर ने कहा कि वह हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए आंदोलन में सहयोग करते रहेंगे। मांगें पूरी नहीं होने पर किसान जल्द भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को एमडीए परिसर में महापंचायत होगी। इसमें पीड़ित किसानों, किसान यूनियनों, राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से पहुंचने की अपील की गई है।

21 दिन से धरना, जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप

किसानों का कहना है कि धरने को 21 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। मौजूदा सरकार के जनप्रतिनिधियों ने भी उनकी सुध नहीं ली। किसानों ने कहा कि जब तक मांगों पर सुनवाई नहीं होगी, उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने में धर्मपाल भड़ाना, गौरव गुर्जर काजीपुर, कृपाल सिंह, सतेंद्र सिंह पुट्ठा, अज्जू बैंसला, शुभम धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश बैंसला, ताराचंद गंगानगर, वीर सिंह, नाहर सिंह, नरेश सिंह और उत्कर्ष राणा सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

कार की टक्कर से घायल शिक्षक की मौत

ग्रेटर नोएडा में पांच दिन पहले हुआ था हादसा



अमन लेखनी समाचार

जेवर , ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में कार की टक्कर से घायल शिक्षक लोकेश कुमार की शाम 3 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। उनका ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस ने उनके भाई की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ रात 7 बजे केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बीरमपुर गांव निवासी लोकेश कुमार (46) रनहेरा गांव के एक स्कूल में शिक्षक थे। सुबह करीब 6 बजे वे बाइक से स्कूल जा रहे थे बीरमपुर गांव के पास एयरपोर्ट के कार्गो मार्ग पर सामने से आ रही ब्रेजा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

4 नए एसीपी तैनात, 3 का दूसरे जिलों में तबादला

नोएडा साइबर क्राइम थाने से विवेक बुलंदशहर भेजे गए, अनिल को पुलिस अकादमी की जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,यूपी में 144 पुलिस उपाधीक्षकों और सहायक पुलिस आयुक्तों के तबादलों के तहत गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में भी बड़ा फेरबदल हुआ है। यहां 4 नए अधिकारियों की तैनाती की गई है, जबकि 4 एसीपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को दूसरे जिलों में भेजा गया है। शासन की तबादला सूची के मुताबिक, सिद्धार्थ गौतम को गाजियाबाद से गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है। शिव नारायण वैश्य प्रतापगढ़ से यहां आएंगे। वहीं, दीपांशी राठौर और अनुराग कुमार सिंह का गोरखपुर से गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में तबादला किया गया है। गौतमबुद्ध नगर से इन अधिकारियों का तबादलागौतमबुद्ध नगर में तैनात प्रवीण कुमार सिंह प्रथम को हापुड़, राजीव कुमार गुप्ता को अलीगढ़ और पवन कुमार को भदोही भेजा गया है। सहायक पुलिस आयुक्त दीक्षा सिंह का तबादला गाजियाबाद कमिश्नरेट किया गया है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर साइबर क्राइम थाने से विवेक रंजन राय को बुलंदशहर भेजा गया है। वहीं, 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्ध नगर में तैनात अनिल कुमार का तबादला पुलिस अकादमी, मुरादाबाद किया गया है। अयोध्या, हरदोई और बागपत में इन अधिकारियों की तैनाती जारी तबादला सूची के मुताबिक, सुजीत कुमार दुबे को डिप्टी एसपी अयोध्या बनाया गया है. आशुतोष तिवारी को हरदोई और रजनीश वर्मा को बागपत में नई जिम्मेदारी मिली है. वहीं, संतोष कुमार सिंह चतुर्थ को डिप्टी एसपी उन्नाव बनाया गया है. इमरान अहमद को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी की जिम्मेदारी दी गई है।

शारदा विश्वविद्यालय में आपदा मॉक ड्रिल हुई

हवाई हमले की चेतावनी, रेड अलर्ट और ब्लैकआउट का अभ्यास

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में शाम 6 बजे सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हुई। इसमें हवाई हमले की चेतावनी, रेड अलर्ट और ब्लैकआउट जैसी स्थितियों में राहत और बचाव की तैयारियां परखी गईं। अभ्यास अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका की अध्यक्षता में हुआ। मॉक ड्रिल में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन विभाग, आपदा मित्र और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की टीमें शामिल हुईं। टीमों ने चेतावनी प्रणाली चलाने, लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाने, ब्लैकआउट लागू करने और राहत-बचाव काम शुरू करने का अभ्यास किया। पुलिस ने सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात संभाला। अग्निशमन दल ने काल्पनिक आग में बचाव अभियान चलाया। स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस चलाने और प्राथमिक उपचार का अभ्यास किया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे लोगों को निकालने की तकनीक दिखाई। विद्युत विभाग ने ब्लैकआउट और बिजली बहाल करने का अभ्यास किया। लोक निर्माण विभाग ने रास्ते खुले रखने और मलबा हटाने की तैयारी की। परिवहन विभाग ने आपातकालीन वाहनों के आने-जाने का अभ्यास किया।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ एसपी ने की गोष्ठी, साइबर अपराध और अफवाहों पर रोक लगाने की अपील

पुलिस लाइन उरई में आयोजित बैठक में एएसपी भी रहे मौजूद

सोशल मीडिया के जरिए जनजागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जालौन पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स और ब्लॉगर्स के साथ संवाद स्थापित करने की पहल की। सोमवार को पुलिस लाइन उरई में पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी भी मौजूद रहे। गोष्ठी में एसपी ने सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का स्वागत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया समाज को जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। पुलिस और आमजन के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने में सोशल मीडिया से जुड़े लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपील की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग समाजहित और जनजागरूकता के लिए किया जाए। बैठक में साइबर अपराधों को लेकर विशेष चर्चा हुई। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग जैसी घटनाओं से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही अफवाहों पर रोक लगाने के लिए किसी भी घटना या वीडियो को बिना सत्यापन के साझा न करने तथा भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट से बचने की अपील की गई। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने तथा रील बनाने के चक्कर में खतरनाक स्टंट न करने का संदेश भी दिया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा हुई। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि वे अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से सकारात्मक संदेश और पुलिस के अच्छे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा कानून के विरुद्ध किसी भी प्रकार की सामग्री तैयार करने से बचें। बैठक में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भी अपने सुझाव रखे और पुलिस के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जालौन पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा: जालौन में परिवहन विभाग का विशेष चेकिंग अभियान

27 बिना बीमा और 16 बिना हेलमेट वाहन पकड़े

नाबालिगों को वाहन न देने की अभिभावकों से अपील, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



जालौन। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े के आठवें दिन जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग कर कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा चलाए गए अभियान में बिना वैध बीमा के संचालित 27 वाहनों तथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 16 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा बिना वैध प्रपत्रों के संचालित ऑटोरिक्शा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों के चालान किए गए। नियमों के तहत कुछ वाहनों को निरुद्ध करने की कार्रवाई भी की गई। अभियान के दौरान कम उम्र में वाहन चलाने वाले किशोरों और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन संचालित करने वाले चालकों पर भी विशेष नजर रखी गई। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन चलाने की अनुमति न दें, क्योंकि कम उम्र में वाहन चलाना उनके साथ-साथ दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। परिवहन विभाग ने आमजन से अपील की कि वाहन चलाते समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस और सभी जरूरी कागजात अपने साथ रखें। वाहन का बीमा अवश्य कराएं तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है।

भैया दूज के बाद मछली पकड़ने गया 13 वर्षीय किशोर लापता, कई दिनों से तलाश में जुटा परिवार

चकेरी के विराट नगर निवासी पिता ने थाने में दी गुमशुदगी की तहरीर, दोस्त के साथ आलोलापुर जाने की बात सामने आई।

अमन लेखनी समाचार



कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र के विराट नगर से करीब 13 वर्षीय किशोर के कई दिनों से लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर के पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज करने और उसे तलाशने की गुहार लगाई है। परिवार के मुताबिक किशोर भैया दूज के बाद अपने दोस्त के साथ मछली पकड़ने गया था, लेकिन उसके बाद वापस घर नहीं लौटा। परिजन अपने स्तर से काफी तलाश कर चुके हैं, मगर अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। विराट नगर निवासी विजय पुत्र बिम्मा के मुताबिक उनका करीब 13 वर्षीय बेटा सुधीर उर्फ गुज्जर घूमने-फिरने का शौकीन है और अक्सर घर से बाहर रहता है। भैया दूज के बाद वह आलोलापुर में अपने दोस्त किशना के साथ मछली पकड़ने गया था। उस दिन घर वापस नहीं आने पर परिवार ने पहले यही सोचा कि वह घूमकर लौट आएगा। पिता के मुताबिक, किशोर पहले भी घर से निकलकर दिल्ली चला गया था और कुछ दिन बाद वापस आ गया था, इसलिए शुरूआत में परिजनों ने ज्यादा चिंता नहीं की। हालांकि, जब कई दिनों तक सुधीर घर नहीं लौटा तो परिवार की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने उसके दोस्तों, परिचितों और संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पिता का कहना है कि उन्होंने काफी खोजबीन की और उम्मीद लगाए रहे कि बेटा वापस आ जाएगा, मगर लगातार लापता रहने के बाद अब पुलिस को लिखित सूचना देना जरूरी समझा। पीड़ित पिता ने थाना चकेरी पुलिस से बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश कराने की मांग की है। किशोर के अचानक लापता होने से परिवार परेशान है और उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए बैठा है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज किए जाने की प्रक्रिया की गई है। किशोर के मिलने और पुलिस की तलाश के संबंध में फिलहाल कोई अन्य जानकारी सामने नहीं आई है।

लाठी-डंडों से हमला, दो लोग गंभीर घायल; झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर



ग्रामीणों ने कथित आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया, हमले की वजह स्पष्ट नहीं

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। कोतवाली गरौठा क्षेत्र के ग्राम रमपुरा में लाठी-डंडों से हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर दो अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों पर लाठी-डंडों से हमला किया। इनमें एक व्यक्ति पर गांव में, जबकि दूसरे पर खेत में हमला किए जाने की बात सामने आई है। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कथित आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही घटना की वास्तविक वजह और आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी।

सिर पर पत्थर से हमला, 65 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल; मेडिकल के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने का आरोप

चकेरी में तीन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप।

अमन लेखनी समाचार



कानपुर। चकेरी क्षेत्र के आनंद नगर जगईपुरवा में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट और जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित विजय कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के तीन लोगों ने उनके साथ मारपीट की, सिर और आंख पर भारी वस्तु से प्रहार किया तथा सीने पर चोट पहुंचाई। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने 31 अक्टूबर को उनका मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन इसके बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई, जिससे वह न्याय के लिए लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, घटना 29 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10 बजे की है। आरोप है कि आनंद नगर जगईपुरवा स्थित उनके घर के बाहर अशोक, सोमिल और शोभित ने उन पर सुनियोजित तरीके से हमला कर दिया। इस दौरान अशोक के हाथ में वजनदार पत्थर था, जबकि सोमिल ने उन्हें पकड़कर लात-घूंसों से मारपीट की। वहीं, शोभित ने सिर और आंख के पास भारी वस्तु से प्रहार कर दिया, जिससे उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया और वह जमीन पर गिर पड़े। विजय कुमार गुप्ता का कहना है कि हमले के दौरान उन्हें सिर, आंख और सीने में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर उनका बेटा वैभव मौके पर पहुंचा और उन्हें उठाकर घर के अंदर ले गया, लेकिन आरोप है कि तीनों लोग घर के अंदर भी पहुंच गए और वहां दोबारा मारपीट करने लगे। इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने पुलिस के पास जाने पर परिवार को इलाके में न रहने देने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने 29 अक्टूबर को पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद 31 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन मेडिकल होने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज न होने से वह परेशान हैं। उनका आरोप है कि आरोपित लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे उन्हें और उनके परिवार को भविष्य में फिर से हमला होने या किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। पीड़ित विजय कुमार गुप्ता ने 22 नवंबर को दिए गए प्रार्थना पत्र में थाना चकेरी पुलिस से आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। मामले में पुलिस की आधिकारिक कार्रवाई और आरोपों की पुष्टि की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

अवैध शराब बिक्री का खुलासा, 30 क्वार्टर के साथ युवक गिरफ्तार

परास चौराहे से नौरंगा जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने पकड़ा आरोपी, देशी शराब महंगे दामों पर बेचने का आरोप।

अमन लेखनी समाचार



कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शराब के ठेकों से देशी शराब खरीदकर उसे महंगे दामों पर बेचता था और इससे अपना खर्च चलाता था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, 22 नवंबर 2026 को उपनिरीक्षक रवि कुमार हमराह कांस्टेबल राहुल कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त, अपराध रोकथाम और वारंटियों की तलाश में निकले थे। इसी दौरान परास चौराहे पर एक मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति नौरंगा की ओर देशी शराब के पव्वे लेकर बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बताए गए रास्ते पर तलाश शुरू कर दी। घाटमपुर-जहानाबाद रोड पर कटियार ब्रिक्स फील्ड के पास पुलिस को पीले रंग का थैला लेकर एक व्यक्ति जाता दिखाई दिया। मुखबिर ने उसकी पहचान करते हुए बताया कि थैले में अवैध रूप से बिक्री के लिए देशी शराब रखी है। पुलिस को अपनी ओर आते देख युवक तेज कदमों से चलने लगा, जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे थैले सहित पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विजय करन पुत्र बाल किशन संखवार, निवासी जवाहर नगर पूर्वी, कस्बा घाटमपुर, कानपुर नगर, उम्र करीब 39 वर्ष बताया। पुलिस की तलाशी में उसके हाथ में मौजूद पीले थैले से मस्तीह ब्रांड की 200 एमएल वाली देशी शराब के 30 क्वार्टर बरामद हुए। शराब रखने और बिक्री से संबंधित लाइसेंस मांगे जाने पर वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह देशी शराब के ठेकों से शराब खरीदकर अधिक कीमत पर बेचता था, जिससे उसे अतिरिक्त कमाई हो जाती थी। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत अपराध से अवगत कराते हुए 22 नवंबर को शाम करीब 6:18 बजे हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई का वीडियो ई-साक्ष्य एप पर तैयार किया गया। बरामद शराब को सील कर नमूना भी सुरक्षित किया गया तथा आवश्यक गिरफ्तारी और बरामदगी संबंधी दस्तावेज मौके पर तैयार किए गए। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए मामले को आगे की प्रक्रिया के लिए दर्ज किया गया है।

सायरन बजते ही मचा अलर्ट, पुलिस लाइन में हवाई हमले और ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल

हवाई हमले की चेतावनी मिलते ही सक्रिय हुआ सुरक्षा तंत्र, आग बुझाने से लेकर घायलों को सुरक्षित निकालने तक का किया गया अभ्यास

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। हवाई हमले और ब्लैकआउट जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए रविवार को पुलिस लाइन उरई में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी गई। सायरन की आवाज सुनते ही सुरक्षा तंत्र सक्रिय हो गया और विभिन्न विभागों की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। शासन के निर्देश पर आयोजित इस अभ्यास में ब्लैकआउट की स्थिति का भी प्रदर्शन किया गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर आपातकालीन परिस्थितियों में की जाने वाली तैयारियों को परखा गया। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए आग बुझाने, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और प्राथमिक उपचार देने का अभ्यास किया। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने की कार्रवाई का प्रदर्शन किया, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया समझाई। पुलिस विभाग ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालने का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत एवं बचाव संसाधनों की तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने इस अभ्यास को आपदा के समय जनसुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी एच.एन. प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शत्रुघ्न पाठक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, विधायक सदर प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे।

जालौन में 14 वर्षीय किशोरी लापता, चार लोगों पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

जालौन। रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम छिरिया खुर्द में 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता रामशंकर ने गांव के ही एक युवक सहित चार लोगों पर उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक जालौन को शिकायती पत्र सौंपकर बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के मुताबिक, घटना 23 नवंबर की सुबह करीब पांच बजे की बताई गई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी लगभग 14 वर्षीय पुत्री दीपिका को गांव के अनिल पुत्र भागीरथ, राकेश पुत्र चंद्रपाल, रामकुमार पुत्र देवी प्रसाद अहिरवार और कुतलूपुर निवासी रामजी पुत्र मूलचरन बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए।

गरौठा में दबंगई! कुल्हाड़ी से कार पर किया हमला, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। झांसी जनपद के गरौठा कस्बे में एक व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी से कार पर हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से कार को निशाना बनाते हुए उस पर वार किए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। फुटेज में एक व्यक्ति कार पर कुल्हाड़ी से हमला करता दिखाई दे रहा है। घटना के बाद वाहन स्वामी में भय और आक्रोश का माहौल है। मामले में पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच कर रही है। अब देखना होगा कि जांच के बाद पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

जालौन। जालौन ब्लॉक की ग्राम पंचायत मलकपुरा में ग्राम प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितता बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सरकारी वाहन का निजी कार्यों में इस्तेमाल किए जाने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की गौशाला में भी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। गांव के विकास कार्यों और सरकारी संसाधनों के उपयोग को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपों की सत्यता सामने लाने की मांग की है।

कोंच क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को मिला प्रशस्ति पत्र, पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

कोंच में लूट की घटना का सफल अनावरण करने पर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन ने की सराहना, तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी में निभाई थी अहम भूमिका

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद में अपराध नियंत्रण और लूट की घटना का सफल अनावरण करने में उत्कृष्ट कार्य करने पर क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ (आईपीएस) द्वारा उन्हें यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली कोंच में वादी रघुवीर अहिरवार की तहरीर पर पांच सितंबर 2026 को तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 188/2026, धारा 309(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए कोतवाली कोंच और स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध असलहा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, पीली व सफेद धातु के जेवरात, 35 हजार रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा बरामद किया था। इस सफल कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने पर क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को सौंपा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह निष्ठा और लगन से कार्य करने की अपेक्षा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



दृश्यम 3 के बाद भूषण की स्पाई थ्रिलर में नजर आएंगे अजय...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने कई फिल्मों में काम किया है। अब खबर है कि दोनों फिर से हाथ मिला सकते हैं। उनकी फिल्म 2028 में रिलीज हो सकती है। अजय और प्रोड्यूसर भूषण कुमार की जोड़ी ने अब तक कई हिट फिल्में दी हैं। अब एक बार फिर अजय देवगन और भूषण कुमार एक बड़े बजट की स्पाई थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिला सकते हैं। जब देवगन भूषण कुमार की एक हाई-बजट स्पाई थ्रिलर फिल्म साइन करने के करीब हैं। बताया जा रहा है कि भूषण कुमार ने भारतीय जासूसी की दुनिया पर आधारित एक नई और अब तक अनदेखी कहानी तैयार की है।

लाइफ Style

रश्मिका

मायसा में निभा रहीं गोंड महिला का किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना की आने वाली एक्शन थ्रिलर 'मायसा' अब अपनी तय तारीख 27 नवंबर को रिलीज नहीं होगी। फिल्म के टलने की अफवाहों के बाद मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है और इस फैसले के पीछे की वजह भी बताई है।

रविंद्र पुल्ले द्वारा निर्देशित 'मायसा' की कहानी आदिवासी इलाकों पर आधारित है और यह रश्मिका के किरदार यानी एक गोंड महिला के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में एक्ट्रेस एक दमदार और सख्त अवतार में नजर आएंगी, जिसमें भरपूर एक्शन और ड्रामा देखने को मिलेगा। फिल्म की कास्ट में ईश्वरी राव, मुरु सोमसुंदरम और राव रमेश भी अहम भूमिकाओं में हैं। हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने कहानी से जुड़ी कई जानकारियों को अभी गुप्त रखा है। निर्माताओं ने अब तक फिल्म के दो गाने 'ओ मायसा रे' और 'ओसे रामुलम्मा' रिलीज किए हैं। इनमें से 'ओसे रामुलम्मा' गाना 1997 की इसी नाम की फिल्म का रीक्रिएशन है, जिसमें मूल रूप से किजवेन्नी नजर आई थीं। इस बीच फिल्म की टीम ने दर्शकों को भरोसा दिलाया है कि उन्हें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और जल्द ही नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी जाएगी। प्रोडक्शन हाउस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर बयान जारी कर बताया कि फिल्म को एक शानदार एक्शन फिल्म बनाने की तैयारी चल रही है। टीम चाहती है कि दर्शकों को बड़े पर्दे पर बेहतरीन अनुभव मिले। इसके लिए फिल्म की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



हॉलीवुड मसाला

'हील' में दिखा कैंसर से ठीक होने का सफर




लॉस एंजिलिस। वेल्स की राजकुमारी कैथरीन 'हील' नाम की एक नई डॉक्यूमेंट्री में अपने कैंसर के सफर और ठीक होने की प्रक्रिया के बारे में बहुत निजी बातें साझा करने जा रही हैं। यह फिल्म दिखाती है कि कैंसर का पता चलने से केंसलेशन की जिंदगी कैसे बदल गई। इसमें इस बीमारी के साथ जीने और उससे उबरने के दौरान आने वाली शारीरिक और भावनात्मक चुनौतियों के बारे में बताया गया है। 'हील' में 44 वर्षीय कैथरीन खेरवाला की 'कैंसर चैलेंज' में हिस्सा लेती हैं। इसके तहत जून के आखिर में उन्होंने 24 घंटे के भीतर स्कॉटलैंड, इंग्लैंड और वेल्स की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई की।



अपग्रेडेड-2 में टैनर और क्रिस्टोफर की एंट्री

लॉस एंजिलिस। फिल्म 'अपग्रेडेड' के सीक्वल 'अपग्रेडेड 2' ने 'द समर ऑफ दमी' के अभिनेता टैनर जनारिलो और क्रिस्टोफर मैकडोनाल्ड इस फिल्म लो सदस्यस्तर में शामिल हो गए हैं। टैनर जनारिलो और क्रिस्टोफर मैकडोनाल्ड को फिल्म में अहम भूमिकाओं के लिए चुना गया है। हालांकि, दोनों कलाकार फिल्म में किस किरदार में नजर आएंगे, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म में डेमियन मेंडेज के साथ तेलगी सिंह, एंड्रिया अरकांजेली और एलेक्सांड्रो फैजिलबेती भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बेकका हिनकल कर रहे हैं। इससे पहले वह 'स्कार 33' जैसी फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। डेमियन मेंडेज इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ प्रोड्यूसर जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उनके अलावा माइकल कारर, बिल बिंघले, रेचल सैंचूज, लीला रॉबर्टसन और विवर्ली टेलफेयर भी फिल्म के निर्माण से जुड़े हैं।



एयरपोर्ट पर कैमरों से बचते दिखे अहान

मुंबई। फिल्म सैक्टरा के बाद से ही अहान पांडे और अनीत पड्डा के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं जारी हैं। फिल्म में दोनों कपल के तौर पर नजर आए थे। अब इसके बाद दोनों एक्टर्स एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गए हैं। वीडियो में दोनों एक्टर्स को जल्दी-जल्दी चलते हुए देखा गया, जहां उन्होंने अपने चेहरे मास्क और हाथों से ढक रखे थे ताकि कैमरों से बच सकें। अनीत पड्डा ने इस दौरान क्रॉप टॉप और कैजुअल पैंट पहनी हुई थी, जबकि अहान व्हाइट टी शर्ट, हुडी और जींस में नजर आए। दोनों ने मास्क भी लगाया हुआ था। जैसे ही पैपराजी ने उन्हें घेरा, दोनों थोड़े असहज नजर आए और बिना ज्यादा रुकावट के आगे बढ़ते दिखे। वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने दोनों की जोड़ी को लेकर एक्साइटमेंट जताई।



'बाबा निराला' की वापसी का काउंटडाउन

'नई दिल्ली। प्रकाश झा प्रोडक्शंस और अभिनेता बॉबी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक साझा पोस्ट के जरिए 'एक बदनाम... आश्रम' सीजन 4 की शूटिंग पूरी होने का ऐलान किया। मेकर्स ने इस मौके पर सेट की एक बिहाइंड द सीन तस्वीर भी शेयर की, जिसमें निर्देशक प्रकाश झा, बॉबी देओल और सीरीज की टीम के अन्य सदस्य नजर आ रहे हैं। तस्वीर पर 'इट्स अ रैप!' लिखा हुआ है। पोस्ट के साथ मेकर्स ने लिखा, 'और इसी के साथ 'आश्रम' सीजन 4 की शूटिंग पूरी हुई। यह सफर जुनून, टीमवर्क और कई यादगार पलों से भरा रहा। हर फ्रेम के पीछे मेहनत करने वाली शानदार टीम के नाम।' इस पोस्ट में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर चाय शॉट्स वीडियो के साथ शो के कई कलाकारों और क्रू मेंबर्स को भी टैग किया गया है।

टीवी मसाला

कार्तिक की 'कालिया' का पहला लुक आया सामने

मुंबई। कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के फैंस को तोहफा दिया है। उन्होंने कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म कालिया के पहले लुक से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक काफी दमदार लग रहा है। इस लुक के साथ करण जौहर ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म कालिया का टीजर वीडियो शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा- श्री कृष्णा ने इसे दूर भेजा, हम इसको वापस ले आए। धर्मा प्रोडक्शंस और इमेजिन स्टूडियो प्रस्तुत करते हैं कालिया। स्टारिंग कार्तिक आर्यन। फिल्म 5 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर की शुरुआत श्री कृष्ण और कालिया की कहानी से होती है। इस टीजर को लोगों ने काफी पसंद किया है। फैंस ने हार्ट और फायर इमोजी बनाकर फर्स्ट लुक पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक मां और बेटे से होती है। रात का अंधेरा छाया है, एक मां अपने बेटे को खुश रहने के लिए कहती है कि तभी वो कहानी सुनने के लिए कहता है। इसके बाद कहानी शुरू होती है, "सदियों पहले हमारी जमुना पवित्र नदी के तीर एक राक्षस रहता था, जिसे सब कालिया कहते थे। इसका जहर उफनते हुए नदी में अमृत जैसे फैला दिया था। पर जब भगवान कृष्ण ने वे सुना, तो वो खुद नदी में उतर गए, उससे लड़े और उसे मात दिया। क्या पूछते हैं- फिर क्या हुआ मां मां कहती है- कहानी खत्म, जो जाओ। बच्चा फिर सवाल करता है कि कालिया कहां गया? मां कहती है- वहां जहां छोटे से, बहुत पुरानी कहानी है। इसके बाद वो मां कमरे की लाइट बंद कर देती है। लाइट बंद करते ही स्क्रीन पर थोड़ी देर का अंधेरा होता है, फिर स्क्रीन पर एक चुप्पा नजर आता है। तो नन्हे की तरफ देखता है, फिर नदी में किसी के होने की आहट होती है।



'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का ऐलान

मुंबई। 2024 में रिलीज हुई तेजा सज्जा स्टारर 'हनु मैन' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड सफलता हासिल की और करीब 296 करोड़ का कलेक्शन किया था। 'हनु-मैन' की वर्ल्डवाइड सफलता के बाद अब मेकर्स ने इसके सीक्वल का भी ऐलान कर दिया है। मेकर्स ने हाल ही में एक पोस्टर जारी करते हुए 'हनुमान 2: द राइज ऑफ वानराज' की घोषणा की है, लेकिन इस पोस्टर ने तेजा सज्जा के फैंस को निराश कर दिया है। दरअसल, इस फिल्म में तेजा सज्जा की जगह पंजा वैष्णव तेज मुख्य भूमिका में होंगे। यानी दूसरे भाग से तेजा सज्जा की छुट्टी हो गई है और अब इसमें पंजा वैष्णव तेज लीड रोल में दिखाई देंगे। प्राइमशो एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी करते हुए 'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का ऐलान किया है। खुद पंजा वैष्णव ने भी सोशल मीडिया पर 'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का पोस्टर शेयर की है। उन्होंने 'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, हर तूफान में, उनका नाम एक आशय है। विश्वास वो हर ज्वाला में, वे ही सहारा देने वाली सत्ता है। हनु मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' हनु-मैन की सफलता के बाद, यह फिल्म प्रोड्यूसर्स प्राइमशो एंटरटेनमेंट का अगला बड़ा प्रोजेक्ट है।



विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व

मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- जो एक सपने से शुरू हुआ था, वह अब और भी बड़े मिशन के साथ आगे बढ़ रहा है। अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के साथ हनु-मैन की विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व है। पेश है 'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज।' पंजा वैष्णव तेज और दूरदर्शी तेजसज्जा आनंद के साथ इस रोमांचक सहयोग को लेकर उत्साहित हूं, हम मिलकर पूरी ताकत हकदार बनाने जा रहे हैं। जल्द ही और अपडेट्स आएंगे। की जाई। अमरेश द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म को के. निरंजन रेड्डी और वैष्णव रेड्डी ने प्रोड्यूस किया है। हनुमान 2 पांच भाषाओं - तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड - में रिलीज होगी। इसके दर्शकों देश के अलग-अलग हिस्सों के दर्शकों तक पहुंच जाएगी।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में गुलजार बनकर पहुंचे सुनील

नई दिल्ली। कपिल शर्मा के चर्चित कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया हो और हंसी न आए, ऐसा भला कैसे हो सकता है? उस पर से अगर सुनील ग्रोवर उपस्थित हों तो थोड़े और ठहाकों की उम्मीद की जा सकती है और यह उम्मीद वे हमेशा पूरी करते हैं। एक बार फिर उन्हें कॉमेडी शो में देखा जहां वे फुलजार बने नजर आए। कपिल शर्मा के शो में सुनील ग्रोवर ने मशहूर गीतकार गुलजार की मिमिक्री की। वहीं, उनके साथ कपिल शर्मा भी अपने चॉकलेटी अंदाज में दिखे। उन्होंने चश्मेवाले अवतार वाले अवतार से माहौल बना दिया। कुल मिलाकर सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जुगलबंदी ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक भी हंसते-हंसते पेट पकड़ने लगे। शो के दौरान की गई मिमिक्री की एक वीडियो जमकर हो रही है। इसमें कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर नजर आ रहे हैं। सुनील ग्रोवर ने अपने अंदाज से माहौल बना दिया। वहीं, कपिल शर्मा भी इस माहौल में चार चांद लगाते दिखे। सुनील ग्रोवर फुलजार बनकर पहुंचे। उनकी वेशभूषा और लुक ही नहीं, बल्कि बोलने का अंदाज भी एकदम गुलजार जैसा रहा। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर शो से यह क्लिप शेयर किया है। इस पर नेटिजंस के मजेदार रिएक्शन भी आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'जो भाई बोली तबाही'। एक यूजर ने कहा, 'सुनील ग्रोवर का एक्ट नेक्स्ट लेवल होता है'। एक यूजर ने लिखा, 'वैसे तो इस शो का कंटेंट कभी-कभी आपत्तिजनक होता है। मगर, सुनील ग्रोवर की एक्टिंग की तारीफ तो बनती है'।

'दृश्यम-3' अब ओटीटी पर देगी दस्तक

मुंबई। अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म 'दृश्यम 3' जल्द ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के करीब दो महीने बाद फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने के लिए तैयार है। इस फिल्म के साथ कहानी में कई ऐसे ट्विस्ट आ रहे सवाल वो कौन के रहस्य का भी पर्दाफाश होने वाला है। पेले में जिन लोगों ने यह फिल्म थिएटर में नहीं देखी है, वे अब घर बैठे इसका लुफ्त उठा सकेंगे। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 3 तकरीबन 27 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म के डिजिटल प्रीमियर की जानकारी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के आधिकारिक हैंडलों पर भी अपडेट कर दी गई है। फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ऐसे में थिएटर में फिल्म देखने से चूक गए दर्शक घुटकार से इसे नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है। कहानी एक बार फिर विजय सलगांवकर और उसके परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है।



इवेंट में शाहरुख-रणवीर-विक्रांत समेत पहुंचे कई सितारे

ग्लोबल पीस ऑनर्स में टाइगर-अक्षय की परफॉर्मेंस ने बांधा समां

मुंबई। ग्लोबल पीस ऑनर्स का आयोजन टिवाज फाउंडेशन की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शांति, एकता और इंसानियत का संदेश देना है। इसके जरिए आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने वाले वीरों और इसके पीड़ितों को सम्मान दिया जाता है। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित 'ग्लोबल पीस ऑनर्स 2026' के इस समारोह में टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सभी का ध्यान खींचा।

तलवार थामे अक्षय का दमदार डांस

अक्षय कुमार ने इस प्रस्तुति में अमरीकी आर्मी लड़ाकों के खौफ तलवारबाजी दिखाई गई, जबकि बैकग्राउंड में 'तेरी मिट्टी' गाना बज रहा था। इसने सितारे के बीच साहस दिखाने वाले दृश्य पेश किया। सबसे ही यह समारोह की थीम को भी दर्शाता है, जिसमें आतंक के खिलाफ बहादुरी दिखाने वाले सुरक्षाकर्मियों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। अभिनेता के प्रदर्शन ने जल्द ही सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींच लिया और इस पार्श्वप्रदर्शन के कई क्लिप ऑनलाइन वायरल हो गए। यह पहली बार नहीं है, जब अक्षय ने लाइव कार्यक्रमों के सामने आग से जुड़े स्टंट किए हैं। अपने खतरनाक विरासतों और साहसिक वापसियों के लिए मशहूर अक्षय ने पिछले कुछ वर्षों में कई मौकों पर ऐसे स्टंट किए हैं।



स्टाइलिश अंदाज में पहुंचे रणवीर

इस इवेंट में रणवीर सिंह अपने अलग अंदाज में नजर आए। अभिनेता ने शर्ट वेली बनी और ब्लैक सेट का सूट पहना था। इसके साथ लोहदार बटन और ऑरेंज पॉकेट स्क्वायर उनके लुक को खास बना रहे थे। उन्होंने आखों पर टिंटेड ग्लासेज लगाकर अपना लुक पूरा किया।



टाइगर ने स्टेज पर की गणेश वंदना

इस बीच टाइगर श्रॉफ वहीं गणेश वंदना वाली परफॉर्मेंस का एक वीडियो को इंटरनेट पर खा गया, जिसने कुछ अवसरक मंच पर उन जाता है। इस विलाप को शेयर करते हुए एक अन्य यूजर ने कैप्शन दिया, 'क्योंकि भाई की उत्सवोंक्षित पंक्ति एक अन्य यूजर ने मजाक में कहा, 'टाइगर के साथ अक्सर ऐसा अचानक वाला सीन हो ही जाता है।' एक तीसरे यूजर ने कुत्ते के इस तरह आने को लेकर खेलतामेल रचेगा अपॉइंटमेंट बताया।

सुनील शेट्टी : एक्टर सुनील शेट्टी भी इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज में पहुंचे। अभिनेता ने ब्लू कलर की शर्ट पहनी थी, जिसमें सामने की पॉकेट और बटन डिटेलिंग थी। इसके साथ उन्होंने ब्लैक ट्राउजर और टिंटेड ग्लासेज पेयरी किया। उनका यह लुक काफी सिंपल और क्लासी नजर आया।

शाहरुख, विक्रांत और सोमन : ग्लोबल पीस ऑनर्स के इस इवेंट में शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और सोमन ईरानी भी स्टेज शेयर करते नजर आए। तीनों ने शाहरुख के आइकॉनिक पोज को रिक्रिएट कर इस शाम को और हसीन बना दिया।

लगा सितारों का मेला

इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और अभिनेता रणवीर सिंह, सुनील शेट्टी तथा विक्रांत मैसी जैसे शामिल थे। अक्षय पहलगामवीर हमले आधारित 'बिग्ग पहरेदारों' वाले और से आयोजित 'ग्लोबल पीस ऑनर्स' कार्यक्रम उन लोगों को सम्मानित करता है, जिन्होंने साहस दिखाया है और आतंकवाद के खिलाफ खड़े हुए हैं। यह कार्यक्रम आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को भी याद करता है और इसका उद्देश्य शांति, भाईचारा और एकता को बढ़ावा देना है।